(c) changing direction of motion
गति की दिशा में परिवर्तन
(d) all of the above/ऊपर के सभी

**(Konkan Railway SSE 2015)**

**Ans : (d)** एक कठोर वस्तु पर लगाये गये बल के प्रभाव के कारण त्वरण, मंदन, तथा गति की दिशा में परिवर्तन उत्पन्न होता है।

**26. ..... is the force or torque that is necessary just to initiate motion from rest.**
**..... वह बल या आघूर्ण है जिसकी आवश्यकता केवल विश्राम से गति प्रारंभ करने के लिए है।**

(a) Backlash/पिच्छट (बैकलेश)
(b) Terminal/अंत्य (टर्मिनल)
(c) Static calibration
स्थैतिक अंशाकन (स्टेटिक कैलिब्रेशन)
(d) Stiction/स्टिकशन

**(RRB Patna JE 25.10.2009)**

**Ans : (d)** स्टिकशन वह बल या आघूर्ण है जिसकी आवश्यकता केवल विश्राम से गति प्रारंभ करने के लिए है।

**27. If the resultant of two forces P and Q acting at an angle θ makes an angle α with the force P, then :/यदि दो बल P एवं Q का परिणामी θ कोण पर कार्य कर रहे है और बल P के साथ α कोण बनाता है, तब.....**

(a) $\tan\alpha = \frac{P\sin\theta}{P+Q\cos\theta}$

(b) $\tan\alpha = \frac{P\cos\theta}{P+Q\cos\theta}$

(c) $\tan\alpha = \frac{Q\sin\theta}{P+Q\cos\theta}$

(d) $\tan\alpha = \frac{Q\cos\theta}{P+Q\sin\theta}$

**(RRB Bhopal TM SSE 25.10.2009)**
**RRB Secunderabad Section Engineer (Mech.) 29.06.2008**

**Ans : (c)** यदि दो बल P एवं Q एक-दूसरे से 'θ' कोण पर कार्यरत हैं, तब उनका परिणामी–




$$R = \sqrt{P^2 + Q^2 + 2PQ\cos\theta}$$

यदि परिणामी (R) बल P के साथ α कोण पर है, तब परिणामी कोण–

Δ ACE में–

$$\tan\alpha = \frac{\text{लम्ब}}{\text{आधार}} = \frac{CE}{AE} = \frac{CE}{AD+DE}$$

∵ AD = P तथा DE = Qcosθ, CE = Qsinθ

तब– $\tan\alpha = \frac{Q\sin\theta}{P+Q\cos\theta}$

**28. How can the resultant of two forces P and Q (such that P > Q) acting along the same straight line, but in opposite direction be given as?**
**दो बल P और Q का परिणामी बल (इस प्रकार है कि (P > Q) जो समान सरल रेखा के विपरीत दिशा में कार्य करता है, किस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है?**

(a) P + Q (b) P – Q
(c) P/Q (d) Q/P

**(RRB Chandigarh SSE 09.09.2012)**

**Ans : (b)** दो बल P और Q का परिणामी बल (इस प्रकार है कि P > Q) जो समान सरल रेखा के विपरीत दिशा में कार्य करता है। तो इसे P-Q के रूप में व्यक्त किया जाएगा।

जब दो बलो P और Q के बीच कोण $\theta = 0^o$ हो तो वे एक ही दिशा में कार्य करते है।

अतः R = P + Q

**29. When can the forces be called as Non-coplaner non-concurrent forces?**
**कब किसी बल को गैर-समतलीय गैर-संगामी बल कहा जा सकता है?**

(a) Meet at one point, but their lines of action do not lie on the same plane/जब वे एक बिन्दु पर मिलते हैं लेकिन उनके कार्य की रेखा समान समतल पर स्थित नहीं होते हैं
(b) Do not meet at one point and their lines of action do not lie on the same plane
जब वे एक बिन्दु पर नहीं मिलते हैं और उनके कार्य की रेखा समान समतल पर स्थित नहीं होते हैं
(c) Do not meet at one point and their lines of action lie on the same plane/जब वे एक बिन्दु पर नहीं मिलते है और उनके कार्य की रेखा समान समतल पर स्थित होते हैं
(d) Meet at one point and their line of action lie on the same plane/जब वे एक बिन्दु पर मिलते हैं और उनके कार्य की रेखा समान समतल पर स्थित होते हैं

**(RRB Jammu SSE 09.09.2012)**

**Ans : (b)** किसी बल को गैर समतलीय, गैर संगामी बल कहा जाता है जब वे एक बिन्दु पर नहीं मिलते हैं और उनके कार्य की रेखा समान समतल पर स्थित नहीं होते है।

**30. When a body slides down an inclined surface, the acceleration (f) of the body is given by :**
**जब किसी झुके हुए तल में कोई वस्तु फिसलती है, तो वस्तु का त्वरण ..... द्वारा दिया जाता है–**

(a) f = g (b) f = g sin θ
(c) f = g cos θ (d) f = g tan θ

**(RRB Allahabad JE 09.09.2012)**

**Ans : (b)** जब किसी झुके हुए तल में कोई वस्तु फिसलती है, तो वस्तु का त्वरण f = g sinθ द्वारा दिया जाता है।




**31. What is the SI unit of force?**
**बल की SI इकाई क्या है?**

(a) Dyne/डाइन (b) Newton/न्यूटन
(c) Kilogram/किलोग्राम (d) Watt/वाट

***(DMRC 18.02.2017, 8.30 a.m)***

**Ans : (b)** $\boxed{F = m \times a}$

बल = द्रव्यमान × त्वरण

बल = किग्रा × $\frac{\text{मीटर}}{\text{सेकेण्ड}^2}$

$\boxed{F = kg\frac{m}{s^2}}$ in MKS system में

CGS में बल की इकाई - डाइन

SI में बल की इकाई - न्यूटन

**32. Which of the following concurrent forces cannot have a resultant of 4 N**
**निम्न में से कौन से समवर्ती बलों का परिणामी बल 4N मान का नहीं हो सकता है–**

(a) 2N and 4N/2N और 4N
(b) 2N and 6N/2N और 6N
(c) 2N and 8 N/2N और 8 N
(d) All of these/ये सभी

**(BMRCL JE 24 Feb. 2019)**

**Ans : (c)** 2N और 8 N क्योंकि 2N व 8N का अधिकतम व न्यूनतम परिणामी मान 10N व 6N है जो कि 4N के परास के बाहर है।
ये दोनों बल एक दूसरे से किसी भी कोण पर कार्य करें किन्तु इनका परिणामी 10N व 6N के बीच में ही मिलेगा।

**33. Four forces P, 2P, 3P & 4P act along the sides of a square, taken in order, The resultant force is**
**चार बल P, 2P, 3P एवं 4P किसी वर्ग की चार भुजाओं के क्रम से कार्यरत हैं, इनका परिणामी बल क्या होगा?**

(a) zero/शून्य (b) $\sqrt{5}P$
(c) $2\sqrt{2}P$ (d) 2P

**(RRB Bhubneshwar JE II 29.11.2008)**

**Ans : (c)**




$\Sigma V = 4P - 2P = 2P$
$\Sigma H = 3P - P = 2P$
$R = \sqrt{(\Sigma H)^2 + (\Sigma V)^2} = \sqrt{(2P)^2 + (2P)^2}$
$R = 2\sqrt{2}P$

**34. The unit of moment is**
**आघूर्ण की इकाई होती है–**

(a) N/m/न्यूटन/मीटर
(b) N-m/न्यूटन-मीटर
(c) $N/m^2$/न्यूटन/$मीटर^2$
(d) N-m/sec/न्यूटन-मीटर/सेकण्ड

**(RRB Malda SSE 25.10.2009)**

**Ans : (b)** किसी बिन्दु पर लगने वाले बल तथा बल की क्रिया रेखा से लम्बवत् दूरी के गुणनफल को बल आघूर्ण कहते हैं।

$\boxed{\tau = F.d}$

इसकी इकाई न्यूटन-मीटर (N-m) होती है।

**35. Forces are called concurrent when their lines of action meet at.**
**बलों को संगामी कहा जाता है जब उनकी कार्य रेखा मिलती है।**

(a) One point/एक बिन्दु पर
(b) Two points/दो बिन्दुओं पर
(c) A Plane/एक सतह पर
(d) Perpendicular planes/लम्बवत सतह पर

**(RRB Bhubneshwar JE-II 19.12.2010)**

**Ans : (a) संगामी बल (Concurrent Force)** -जिन बलों की क्रिया रेखायें एक ही बिन्दु पर मिलती है। उसे संगामी बल कहते है।
**असंगामी बल (Non-concurrent Force)** -जिन बलों की क्रिया रेखायें एक बिन्दु पर नहीं मिलती है। उसे असंगामी बल कहते हैं।

**36. A Rigid body is subjected to non-coplaner concurrent force system of the body is to remain in a state of equilibrium, then**
**एक दृढ़ पिण्ड पर असमतलीय संगामी बल तन्त्र लग रहा है, पिण्ड साम्यावस्था में होगा यदि**

(a) $\Sigma F_x = \Sigma F_y = \Sigma F_z = 0$ (b) $\Sigma M_x = \Sigma M_y = 0$
(c) $\Sigma M_y = \Sigma M_z = 0$ (d) $\Sigma M_y \times \Sigma M_z = 0$

**(RRB Mumbai SSE 05.10.2008)**

**Ans : (a)**




तीनों अक्ष X, Y, Z पर क्रमशः $F_1$, $F_2$, $F_3$, $F_4$, $F_5$ बल कार्य कर रहे हैं। पिण्ड के साम्यावस्था के लिए आवश्यक है।

$\Sigma F_x = 0$
$\Sigma F_y = 0$
$\Sigma F_z = 0$

**37. Force acting on a rope in a tug of war, is an example of :**
**रस्साकसी में रस्सी पर लगने वाला बल एक उदाहरण है :**

(a) Collinear force/समरैखीय बल
(b) Coplanar force/समतलीय बल
(c) Coplanar concurrent force/समतलीय संगामी बल
(d) Coplanar non-concurrent force
समतलीय गैर संगामी बल

**(RRB Mumbai JE 19.12.2010)**

**Ans : (a)** रस्साकसी में रस्सी पर लगने वाला बल समरैखीय बल (Collinear Force) का उदाहरण है।
**संरेखीय बल ( Colinear Force ) :** वे बल जो एक ही क्रिया रेखा पर स्थित होते है संरेखीय बल कहलाते है।



**38. Two equal forces are acting at a point with an angle of $60^0$ between them. The magnitude of each force, if the resultant force is 36 N, is :**
**दो बराबर बल एक बिंदु पर $60^0$ के कोण पर कार्य कर रहे हैं। यदि परिणामी बल 36 N हो तो प्रत्येक बल की मात्रा होगी।**

(a) 15.63 N (b) 25.12 N
(c) 20.78 N (d) 17.89 N

**(RRB Mumbai SSE 19.12.2010)**

**Ans : (c)** $R = \sqrt{P^2 + Q^2 + 2PQ.\cos\theta}$ $(\theta = 60^0)$

$36 = \sqrt{P^2 + P^2 + 2P^2.\cos 60^0}$ $\{P = Q\}$

$36 = \sqrt{2P^2 + P^2}$

$36 = \sqrt{3P^2}$

$36 = \sqrt{3}P$

$\Rightarrow P\sqrt{3} = 36$

$\boxed{P = 20.78N}$

**39. A particle acted upon by two equal forces is in equilibrium. Then, the angle between the two forces is equal to :**
**एक बिन्दु पर कार्य कर रहे दो बराबर बल साम्यावस्था में हैं। दोनों बलों के बीच के कोण का मान होगा :**

(a) $0^0$ (b) $45^0$
(c) $90^0$ (d) $180^0$

**(DMRC JE 2013)**

**Ans : (d)** $R = \sqrt{P^2 + Q^2 + 2PQ\cos\theta}$

$\because$ बल साम्यावस्था में हैं

$\therefore \quad R = 0 \ \& \ P = Q$

$0 = P^2 + P^2 + 2P^2\cos\theta$

$\cos\theta = -1$

$\cos\theta = \cos 180°$

$\theta = 180°$

अतः एक बिन्दु पर कार्य कर रहे दो बराबर बल साम्यावस्था में हैं। दोनो बलों के बीच के कोण का मान $180^0$ होगा।

**40. An electric light fixture weighing 200 N is supported (as shown in figure). Determine tensile force in wire BC.**
**एक विद्युतीय प्रकाश का अनुबंध (Fixture) जिसका वजन 200 N (जैसा कि चित्र में दिखाया गया है) तार BC में तनन बल होगा?**




(a) 20N (b) 87.5 N
(c)158.6 N (d) 120 N

**(RRB Gorakhpur RDSO SSE 25.10.2009)**
**RRB Bhopal Section Engineer, 24.11.2002**

**Ans : (b)** BC में तनाव $T_1$ तथा AB में तनाव $T_2$ हो तो, लामी के प्रमेय से–




$$\frac{T_1}{\sin 155°} = \frac{T_2}{\sin 130°} = \frac{200}{\sin 75°}$$

$$\frac{T_1}{\sin 155°} = \frac{200}{\sin 75°}$$

$$T_1 = 200 \times \frac{\sin 155°}{\sin 75°} = 87.5 \text{ N}$$

## 2. घूर्ण (Moment)

**41. If no external torque acts on a rigid body, then the product of its moment of inertia and the angular velocity about the axis of rotation must remain constant" is the statement of-**
**यदि एक दृढ़ निकाय पर कोई आघूर्ण न लगाया जाए, तो इसके जड़त्व आघूर्ण और इसकी घूर्णन अक्ष के सापेक्ष कोणीय वेग का गुणनफल स्थिर रहना चाहिए, यह किसका कथन है?**

(a) Law of parallelogram forces
बलों का समान्तर चतुर्भुज का नियम
(b) Law of polygon of forces
बलों का बहुभुज का नियम
(c) Law of triangular forces
बलों का त्रिभुज का नियम
(d) Law of conservation of Angular momentum
कोणीय संवेग के संरक्षण का नियम

**RRB-JE 30.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (d) :** यदि एक दृढ़ निकाय पर कोई बाह्य आघूर्ण न लगाया जाए, तो इसके जड़त्व आघूर्ण (I) और उसकी घूर्णन अक्ष के सापेक्ष कोणीय वेग (ω) का गुणनफल स्थिर रहता है। यह कोणीय संवेग के संरक्षण का नियम (Law of conservation of Angular momentum) है।

**42. According to the principle of moments-**
**आघूर्णों के सिद्धांत (principle of moments) के अनुसार-**

(a) If a system of coplanar forces is in equilibrium, then their algebric sum is zero/यदि समतलीय बलों (coplanar forces) का निकाय संतुलन में है, तो उनका बीजगणितीय योग शून्य होता है
(b) Positive and negative couples can be balanced/धनात्मक और ऋणात्मक बलयुग्म संतुलित हो सकते हैं

(c) If a system of coplanar forces is in equilibrium, then the algebric sum of their moments about any point in their plane is zero/यदि समतलीय बलों का निकाय संतुलन में है, तो उस तल में स्थित किसी बिंदु के सापेक्ष उनके आघूर्णों का बीजगणितीय योग शून्य होगा

(d) The algebric sum of the moments of any two forces about any point is equal to the moment of the resultant about the same point/किसी भी बिंदु पर लगने वाले किसी भी दो बलों के आघूर्णों का बीजगणितीय योग, उस बिंदु पर परिणामी आघूर्ण के बराबर होता है

**RRB-JE 30.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (c) :** आघूर्णों के सिद्धांत के अनुसार-यदि किसी पिण्ड पर लगे अनेक बलों के किसी बिन्दु पर घूर्णों का बीजगणितीय योग शून्य है, तो पिण्ड घूमने के सन्दर्भ में सन्तुलन में होगा अथवा यदि समतलीय बलों का निकाय संतुलन में है, तो उस तल में स्थित किसी बिंदु के सापेक्ष उनके आघूर्णों का बीजगणितीय योग शून्य होता है।

**वैरिग्नॉन का प्रमेय:**-किसी भी बिन्दु पर लगने वाले किसी भी दो बलों के आघूर्णों का बीजगणितीय योग, उस बिन्दु पर परिणामी आघूर्ण के बराबर होता है।

**43. A block weighing W = 20 kN is resting on an inclined plane which makes and angle of 30° to the horizontal. The component of gravity force parallel to inclined plane is-**
**W = 20 kN भार वाला एक ब्लॉक, क्षैतिज से 30° के कोण वाले आनत तल पर विरामावस्था में रखा गया है। आनत तल के समानांतर कार्यरत बल के घटक का मान ज्ञात कीजिए।**

(a) 17.32 kN (b) 10 kN
(c) 5 kN (d) 14.14 kN

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (b) :**




आनत तल के समानांतर कार्यरत बल का घटक 20 sin 30° और लम्बवत कार्यरत बल का घटक 20 cos 30° होगा,
समानांतर कार्यरत बल का घटक = 20 sin 30°

$$= 20 \times \frac{1}{2} = 10\text{kN}$$

**44. The centre of gravity of a quadrant of a circle lies along its central radius at a distance of**
**किसी वृत्त के वृत्तपाद का गुरुत्व केन्द्र उसके केन्द्रीय त्रिज्या के अनुदिश निम्न दूरी पर होता है :**

(a) 0.3 R (b) 0.424 R
(c) 0.5 R (d) 0.6 R

**(Konkan Railway STA 2017)**
**RRB Bangalore Section Engineer (Mech.) 01.02.2009**

**Ans : (d)** बिन्दु O से गुरूत्व केन्द्र की दूरी $OG = \frac{2}{3}\frac{R\sin\alpha}{\alpha}$




यहाँ $\alpha = 45° = \frac{\pi}{4}$

अतः $OG = \frac{8R}{3\sqrt{2}\pi}$

$\boxed{OG = 0.6\,R}$

**45. The centre of gravity of a triangle is located at the point of ...../एक त्रिकोण की गुरुत्वाकर्षण का केंद्र _____ बिंदु पर स्थित है।**

(a) intersection of its altitudes
शीर्ष-लंब का प्रतिच्छेदन
(b) intersection of bisector of angles
कोण के द्विभाजक का प्रतिच्छेदन
(c) intersection of diagonals/विकर्णो का प्रतिच्छेदन
(d) concurrence of the medians
माध्यिकाओं का एकचित्ता

**(Konkan Railway TA 2017)**
**RRB Secunderabad Section Engineer (Mech.) 29.06.2008**

**Ans : (d)** त्रिभुज का गुरुत्व केन्द्र माध्यिकाओं (वे रेखायें जो किसी शीर्ष के सामने वाली भुजा के मध्य बिन्दु पर मिलती है) के कटान बिन्दु पर होता है।




(i) त्रिभुज का गुरुत्व केन्द्र के परितः जड़त्व आघूर्ण

$$I_G = \frac{bh^3}{36}$$

(ii) त्रिभुज का आधार के परितः जड़त्व आघूर्ण

$$I_{BC} = \frac{bh^3}{12}$$

**46. CG of a plane lamina is not at its geometrical centre, if it is a:**
**समतल पटल का CG इसके ज्यामितीय केन्द्र में नहीं होता, यदि यह होता है:**

(a) Circle/वृत्त
(b) Square/वर्गाकार
(c) Rectangle/आयत
(d) Right angled triangle/समकोण त्रिभुज

**(RRB Kolkata Diesel JE 25.10.2009)**
**RRB Bhopal & Mumbai Apprentice Section Engg. 23.03.2003**

**Ans. (d)** समकोण त्रिभुज का गुरुत्व केन्द्र (Centre of Gravity) उसके ज्यामितीय केन्द्र (Geometrical Centre) में नहीं होता हैं। जबकि वृत्त, वर्गाकार तथा आयताकार पटल के लिये गुरुत्व केन्द्र उसके ज्यामितीय केन्द्र में होता हैं।

**47. Three parallel forces $F_1$, $F_2$ and $F_3$ are acting on a log as shown in Figure and the body is in equilibrium. It force $F_1$ = 250 N and $F_3$ = 1000 N; and the distance between $F_1$ and $F_2$ is 1.0m, then what is the distance of $F_2$ from $F_3$?**
**तीन समानान्तर बल $F_1$, $F_2$ तथा $F_3$ एक लट्ठे पर चित्र के अनुसार कार्यरत है तथा लट्ठा संतुलन की अवस्था में है। यदि बल $F_1$ = 250 N तथा बल $F_3$ = 1000 N हैं और $F_1$ और $F_2$ के बीच की दूरी = 1.0 m है, तब $F_3$ और $F_2$ के मध्य दूरी क्या होगी?**






(a) 0.50 m (b) 0.25 m
(c) 0.75 m (d) 0.15 m

**(RRB Chandigarh SSE 25.10.2009)**

**Ans : (b)** माना $F_2$ से $F_3$ के बीच की दूरी = x






$\sum V = 0$
250 + 1000 – $F_2$ = 0 या $F_2$ = 1250 N
बिन्दु A के परितः घूर्ण लेने पर–
1000 (1 + x) – 1250 × 1 + 250 × 0 = 0
हल करने पर x = 0.25 मीटर

**48. A 16 N force produce a moment of 64 Nm. The moment arm is**
**एक 16 N बल द्वारा 64 Nm आघूर्ण उत्पन्न होता है। आघूर्ण आर्म कितना होगा?**

(a) 2 m (b) $\sqrt{2}$ m
(c) 8 m (d) 4 m

**(RRB Mumbai C&G JE 25.10.2009)**

**Ans : (d)** ∵ बल (F) = 16 N
T = 64 N m
बल आघूर्ण (T) = बल (F) × आघूर्ण आर्म (L)
64 = 16 × आघूर्ण आर्म
आघूर्ण आर्म = $\frac{64}{16} = 4\,\text{m}$
$\boxed{\text{आघूर्ण आर्म (L)} = 4\,\text{m}}$

**49. According to the law of moments, if a number of coplanar forces acting on a particle are in equilibrium then**
**आघूर्ण के नियमानुसार यदि किसी कण पर लगने वाले कुछ समतलीय बल साम्यावस्था में हों, तो**

(a) their algebraic sum is zero
उनका बीजगणितीय योगफल शून्य होता है।
(b) their lines of action are at equal distances/ उनकी क्रिया रेखाएँ समान दूरी पर होती हैं।
(c) the algebraic sum of their moments about any point in their plane is zero/उनके तल पर किसी बिन्दु के परितः उनके आघूर्णों का बीजगणितीय योगफल शून्य होता है।
(d) the algebraic sum of their moments about any point is equal to the moments of their resultant force about the same point/किसी बिन्दु के परितः उनके आघूर्णों का बीजगणितीय योगफल उसी बिन्दु के परितः उनके परिणामी बल के आघूर्णों के बराबर होता है।

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**
**(DMRC JE 20.04.2018)**

**Ans : (c) घूर्णों का सिद्धान्त–**यद्यपि घुर्णों की प्रवृत्ति किसी पिण्ड को घुमाने की होती है। इसलिए यदि किसी पिण्ड पर लगे अनेक बलो के किसी बिन्दु पर घुर्णों का बीजगणितीय योग शून्य है तो घूमने के सन्दर्भ में संतुलन में होगा।

**50. Varingon's theorem of moments states that if a number of coplaner forces acting on a particle are in equilibrium, then**
**वेरिग्नॉन प्रमेय का आघूर्णों का प्रमेय कहता है कि यदि किसी कण पर कार्य कर रहे समतलीय बल साम्यावस्था में हों, तो-**

(a) Their algebraic sum is zero
उनका बीजगणितीय योग शून्य होता है
(b) Their lines of action are at equal distance
उनकी क्रिया रेखाएं समान दूरियों पर होती हैं
(c) The algebraic sum of their moments about any point is their plane is zero
उनके तल में किसी बिंदु के परितः उनके आघूर्णों का बीजगणितीय योग शून्य होता है
(d) The algebraic sum of their moments about any point is equal to the moments of their resultant forces about the same point
किसी बिन्दु के परितः उनके आघूर्णों का बीजगणितीय योग, उसी बिंदु के परितः उनके परिणामी बल के आघूर्ण के बराबर होता है।

**(RRB Gorakhpur RDSO SSE 25.10.2009)**

**Ans : (d) वेरिग्नॉन का प्रमेय** (Varignon's Theorem)-इस प्रमेय के अनुसार दो समतलीय बलों के उनके तल में ही स्थित किसी बिन्दु के परितः दोनों बलों के आघूर्णों का बीजीययोग उसी बिन्दु के परितः उन बलों के परिणामी के आघूर्ण के बराबर होता है।

**51. Varignon's theorem is related to :**
**वेरिग्नॉन का प्रमेय निम्नलिखित से सम्बन्धित है :**

(a) Principle of moments/आघूर्ण सिद्धान्त
(b) Principle of momentum/संवेग सिद्धान्त
(c) Principle of force/बल सिद्धान्त
(d) Principle of inertia/जड़त्व सिद्धान्त

**(RRB Jammu JE 25.10.2009)**

**Ans : (a) वेरिग्नॉन प्रमेय :** किन्ही दो समतलीय बलों का उनके समतल में स्थित एक बिन्दु के सापेक्ष आघूर्णों का बीजगणितीय योग, उसी बिन्दु के सापेक्ष उनके परिणामी के आघूर्ण के बराबर होता है।

## 3. बलयुग्म (Couple)

**52. The distance between the forces acting in the couple is–/बलयुग्म में कार्यरत बलों के बीच की दूरी कितनी होती है?**

(a) Always a fixed distance/हमेशा एक निश्चित दूरी
(b) A finite variable distance/एक परिमित चर दूरी
(c) Zero/शून्य
(d) Infinity/अनन्त

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans : (b)** बलयुग्म (Couple) में कार्यरत बलों के बीच एक परिमित चर दूरी (A finite variable distance) होती है।

- दो बराबर और विपरीत दिशा में बल, जिनकी क्रिया रेखाएँ समनांतर हो, एक बलयुग्म बनाते हैं।
- बलयुग्म के बलों की क्रिया रेखाओं के बीच की न्यूनतम दूरी को बलयुग्म की भुजा कहते हैं।
- यदि बलयुग्म के एक बल को बलयुग्म की भुजा की लम्बाई से गुणा किया जाए तो प्राप्त गुणनफल को बलयुग्म का आघूर्ण कहते हैं।

**53. A couple consists of :**
**एक बलयुग्म.....का बना होता है–**

(a) Two like parallel forces of different magnitudes
भिन्न-भिन्न परिमाण के दो एक दिशीय समान्तर बलों
(b) Two unlike parallel forces of different magnitudes
भिन्न-भिन्न परिमाण के दो विपरीत समान्तर बलों
(c) Two like parallel forces of same magnitude
समान परिमाण के दो एक दिशीय समान्तर बलों
(d) Two unlike parallel forces of same magnitude
समान परिमाण के दो विपरीत समान्तर बलों

**DMRC JE 17.04.2018 12:15-2:30 PM**

**Ans : (d)** बलयुग्म दो समान परिमाण के समान्तर तथा विपरीत बलों से मिलकर बने होते हैं।

बलयुग्म का आघूर्ण = F × d




बलयुग्म आघूर्ण की प्रवृत्ति किसी वस्तु का घूर्णन करना है।
ढक्कन को खोलना या बन्द करना, गाड़ियों में चाभी का घुमाना आदि ये सब बलयुग्म के उदाहरण हैं।

**54. Two equal and opposite parallel forces whose line of actions are different will form a ____**
**दो बराबर और विपरीत समानांतर बलों जिनकी क्रिया रेखा अलग-अलग होती है, वे _____ बनेंगे**

(a) arm of a couple/बलयुग्म की भुजा
(b) torque/आघूर्ण
(c) moment/घूर्ण
(d) couple/बल युग्म

**(RRB Allahabad JE 25.10.2009)**

**Ans. (d) :** दो बराबर व विपरित बल जिनकी क्रिया रेखाये अलग हो बलयुग्म कहलाते है।




बलयुग्म

**55. When two equal, opposite and parallel forces with different lines of action act on a body, they constitute a.....**
**जब एक पिंड पर विभिन्न क्रिया रेखाओं के साथ दो बराबर, विपरीत एवं समानांतर बल क्रिया करते हैं, तो वे ..... गठित करते हैं-**

**(RRB Mumbai C&G SSE 25.10.2009)**

(a) Moment/आघूर्ण
(b) Couple/युगल
(c) Inertia/जड़ता
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans : (b) बल-युग्म** (Couple)-बराबर मान और विपरीत दिशा वाले दो ऐसे बलों के जोड़े जिनकी क्रिया रेखायें समानान्तर हो किन्तु समरेख न हो बल युग्म कहलाते हैं।

बल युग्म का आघूर्ण = एकबल (F)× बलों के क्रिया रेखाओं के बीच की लम्बवत दूरी




बल युग्म का आघूर्ण = P×x, मात्रक– N-m

**56. When trying to turn a key in lock, which of the following is applied?**
**जब ताले में चाभी घुमाने की कोशिश करते हैं, तो निम्नलिखित में से क्या लागू होता है-**

***(DMRC 18.02.2017, 8.30 a.m)***
**(RRB Patna JE 25.10.2009)**

(a) Lever/लीवर
(b) Couple/बलयुग्म
(c) Moment/घूर्ण
(d) Coplanar force/समतलीय बल

**Ans : (b) बलयुग्म (Couple)-** ऐसे बलों के समूह को बलयुग्म कहते हैं जिनका परिणामी बल शून्य हो किन्तु उनका बलाघूर्ण अशून्य हो इसके प्रभाव में केवल घूर्णी गति सम्भव है और स्थान परिवर्तन (ट्रास्लेशन) नही होता। अर्थात् किसी पिण्ड पर बलयुग्म लगा हो, तो द्रव्यमान केन्द्र का रेखीय त्वरण नहीं होता है।




बल युग्म का आघूर्ण = P×x, मात्रक– N-m

# 4. संतुलन के सामान्य प्रतिबन्ध (General Conditions of Equilibrium)

**57. Which of the following formulas represents that the given frame is a perfect frame? (where n = number of members in the frame and j = number of joints)**
**निम्नलिखित में से कौन सा सूत्र यह दर्शाता है कि दिया गया फ्रेम एक परफेक्ट फ्रेम है?**
**(जहाँ n = फ्रेम में सदस्यों (members) की संख्या और j = जोड़ों (joints) की संख्या)**

(a) $n = (3j - 2)$ (b) $n = (j - 3)$
(c) $n = (2 - j)$ (d) $n = (2j - 3)$

**RRB-JE 30.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (d) :** पूर्ण ढांचा (perfect frame) वह है जिसमें केवल उतने ही सदस्य हो जितने कि ढाँचें के जोड़ों पर भार लगाने पर उनके स्थैतिक सन्तुलन में रखने के लिए आवश्यक हो।

1. पूर्ण ढाँचें (perfect frame) के लिए $\boxed{n = 2j - 3}$
2. अतिरिक्त ढाँचें (Redundant frame) के लिए $\boxed{n > 2j - 3}$
3. अभाव ढाँचें (Deficient frame) के लिए $\boxed{n < 2j - 3}$

**58. The moment of inertia of a rectangular section 3 cm wide and 4 cm deep about X-X axis passing through centre is-**
**3 सेमी. चौड़े और X-X अक्ष पर 4 सेमी. गहराई वाले एक आयताकार खंड का जड़त्व आघूर्ण ज्ञात कीजिए।**

(a) 9 $cm^4$/9 सेमी$^4$ (b) 12 $cm^4$/12 सेमी$^4$
(c) 16 $cm^4$/16 सेमी$^4$ (d) 20 $cm^4$/20 सेमी$^4$

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (c) :**




b = 3cm, d = 4 cm
x-x अक्ष के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण

$$I = \frac{bd^3}{12} = \frac{3 \times 4^3}{12} = 16cm^4$$

**59. The product of area and square of distance of centre of gravity of the area from that axis is known as-**
**किसी क्षेत्र की अक्ष से उस क्षेत्र के गुरुत्व केंद्र की दूरी के वर्ग और उसके क्षेत्रफल के गुणनफल को क्या कहा जाता है?**

(a) Second moment of area/क्षेत्रफल का द्वितीय आघूर्ण
(b) Mass moment of inertia/द्रव्यमान जड़त्व आघूर्ण
(c) Second moment of mass
द्रव्यमान का द्वितीय आघूर्ण
(d) First moment of area/क्षेत्रफल का पहला आघूर्ण

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (a) :** किसी क्षेत्र की अक्ष से उस क्षेत्र के गुरुत्व केंद्र की दूरी के वर्ग और उसके क्षेत्रफल के गुणनफल को क्षेत्रफल का द्वितीय आघूर्ण कहा जाता है। इसका मात्रक मीटर$^4$ होता है।
क्षेत्रफल का द्वितीय आघूर्ण $(I) = AK^2$
$K \rightarrow$ घूर्णन त्रिज्या (Radius of Gyration)
$A \rightarrow$ काट का क्षेत्रफल

**60. An example of rotational motion is-**
**..... घूर्णन गति का एक उदाहरण है।**

(a) Spinning of earth/पृथ्वी का घूमना
(b) Movement of a car on a straight road
एक सीधी सड़क पर कार की गति
(c) Motion of earth around the sun
सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की गति
(d) Movement of drawer of a table
एक मेज के दराज की गति

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (a) :** पृथ्वी का अपनी अक्ष के परितः घूमना घूर्णन गति का उदाहरण है।

**उदाहरण –**

- घर में चलने वाला पंखा।
- वर्म गियर पर वर्म चालक का घूर्णन।
- एक वृत्त में हाथ पकड़े हुए और समान दिशा में चलने वाले व्यक्तियों का समूह।

**महत्वपूर्ण बिन्दु :**

| | |
|---|---|
| अनुवादकीय गति | एक मेज के दराज की गतिविधि |
| रैखिक गति | एक सीधे सड़क पर कार की गतिविधि |
| चक्कर | सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की गतिविधि |

**61. The center of gravity of a semi-circle lies at a distance of ..... from its base measured along the vertical radius.**
**अर्धवृत्त का गुरुत्व-केंद्र, लंबवत त्रिज्या पर मापे जाने पर इसके आधार से ..... की दूरी पर स्थित होता है।**

(a) $3r/4\pi$ (b) $8r/3\pi$
(c) $4r/3\pi$ (d) $3r/8\pi$

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (c) :** अर्धवृत्त का गुरुत्व-केंद्र, लंबवत त्रिज्या पर मापे जाने पर इसके आधार से $4r/3\pi$ की दूरी पर स्थित होता है।

| विभिन्न के काट | ऊर्ध्वाधर अक्ष के सापेक्ष गुरुत्व त्वरण $(\bar{y})$ | क्षैतिज अक्ष के सापेक्ष गुरुत्व त्वरण $(\bar{x})$ |
|---|---|---|
|   | $\frac{h}{2}$ | $\frac{b}{2}$ |
|   | $\frac{d}{2}$ | $\frac{d}{2}$ |
|   | $\frac{4r}{3\pi}$ | $\frac{d}{2}$ |
|   | $\frac{4r}{3\pi}$ | $\frac{4r}{3\pi}$ |

**62. Which of the following states that, "If a body is in equilibrium, under the action of three concurrent forces, each force is proportional to the sine of the angle between the other two forces"?**

**इनमें से किस नियम के अनुसार, ''यदि तीन बलों के क्रियाओं के अधीन कोई पिंड संतुलन (equilibrium) में है, तो प्रत्येक बल अन्य दो बलों के बीच के कोण की ज्या (sine) के समानुपाती होता है''?**

(a) Varignon's theorem/वेरिग्नन की प्रमेय
(b) Lami's theorem/लामी की प्रमेय
(c) Parallelogram law of forces
बलों का समांतर चतुर्भुज नियम
(d) Transmissiblity of forces/बलों का संचरणीयता

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans : (b)** लॉमी के अनुसार, यदि किसी पिण्ड पर कार्य कर रहे तीन बल संतुलन में हो, तो प्रत्येक बल शेष दो बलों के बीच के कोण की ज्या के समानुपाती होता है।




**By Lami theorem–**

$$\frac{F_1}{\sin\alpha} = \frac{F_2}{\sin\beta} = \frac{F_3}{\sin\gamma} \text{ (When Body is equilibrium)}$$

**63. The centre of percussion of a homogeneous uniform rod of length $\ell$, pivoted at one end, from the pivot is**

**लम्बाई $\ell$ से युक्त समांगी एकसमान दंड, जो एक सिरा में धुराग्रित है, धुराय में आघात का केन्द्र.....है।**

(a) $\frac{\sqrt{3}}{2}\ell$ (b) $\frac{2}{3}\ell$
(c) $\frac{1}{\sqrt{3}}\ell$ (d) $\sqrt{2}\ell$

**(RRB Bhopal TM SSE 25.10.2009)**

**Ans. (b) :** आघात केन्द्र (centre of percussion) को दोलन केन्द्र (centre of oscillation) भी कहा जा सकता है। यह एक निलम्बित पिण्ड पर आघात को सहन करने वाला बिन्दु होता है जबकि सपोर्ट पर प्रतिक्रिया शून्य होती है।

एक सिरे पर पिवेट एक समान समांगी रॉड के लिए पिवेट सिरे से आघात केन्द्र $= \frac{2}{3}1$

आवर्तकाल (Time period)

$$t = 2\pi\sqrt{\frac{L}{g}} = 2\pi\sqrt{\frac{h^2+k_G^2}{gh}} \quad \left(\because L = \frac{h^2+k_G^2}{h}\right)$$

**64. Calculate the value of thrust (in kN) at the point A for the figure shown below.**

**नीचे दिखाए गए आकृति के लिए बिन्दु A पर थ्रस्ट (kN में) के मूल्य की गणना करें।**




(a) 0.866 (b) 0.5
(c) 2 (d) 3

**(RRB Allahabad SSE 09.09.2012)**

**Ans. (a) :**




बिन्दु A पर थ्रस्ट बल = 1kN बल का ऊर्ध्वाधर घटक (Vertical Component)

$F_T = 1\sin60°$

$F_T = \frac{1\times\sqrt{3}}{2}$

$F_T = 0.866$ kN.

**65. When the position of the body is either in rest or in uniform velocity, then the body is said to be in the.....**
**जब निकाय की स्थिति या तो विराम या समान वेग में होती है, तब निकाय को ..... में कहा जाता है**

(a) rest/विराम
(b) uniform motion/एकसमान गति
(c) rotational motion/घूर्णीय गति
(d) equilibrium/साम्यावस्था

**(RRB Kolkala SSE 09.09.2012)**

**Ans : (d)** जब निकाय की स्थिति या तो विराम या समान वेग में होती है, तब निकाय को साम्यावस्था में कहा जाता है।

**साम्यावस्था (Equilibrium)–** किसी पिण्ड पर लगने वाले बलों का सम्मिलित प्रभाव शून्य हो तो ऐसी अवस्था को साम्यावस्था कहते है।

- साम्यावस्था में बलो के प्रभाव में पिण्ड की स्थिर अथवा गतिशील अवस्था में कोई परिवर्तन नहीं होता।
- जब पिण्ड पर कार्यरत बलों का परिणामी शून्य है तो वह पिण्ड साम्यावस्था में होता है।

**66. A system is said to be in equilibrium when the resultant of all forces acting on it is.....**
**एक प्रक्रम को साम्यावस्था में कहा जाता है, जब इस पर कार्यरत सभी बलों का परिणामी.....हो–**

(a) negative/ऋणात्मक (b) infinity/अनन्त
(c) zero/शून्य (d) one/एक

**DMRC JE 17.04.2018, 4:30-6:45pm**

**Ans : (c)** किसी भी निकाय को पूर्ण रूप से सन्तुलन में तब कहा जा सकता है, जब उस पर लगने वाले सभी बलों का परिणामी तथा उनके घूर्णों का योग शून्य हो।

अर्थात् $\Sigma F_V = 0, \Sigma F_H = 0$

तथा $\Sigma M = 0$

**67. In case of concurrent and coplanar forces, the condition of equilibrium is**
**संगामी व समतलीय बलों की परिस्थिति की साम्यावस्था की दशा है–**

**(RRB Gorakhpur Design SSE 09.09.2012)**

(a) $\sum H = 0; \sum V = 0; \sum M = 0$
(b) $\sum H = 0; \sum V = 0$
(c) $\sum H = 0; \sum V \neq 0$
(d) $\sum H = 0; \sum M = 0$

**Ans : (b) संगामी बल (Concurrent forces)–** जब एक बिन्दु पर बलों की क्रिया रेखायें मिलती हैं तो वे बल संगामी बल कहलाते हैं।

**समतलीय बल (Coplanar forces)–** जब बलों की क्रिया रेखायें एक ही समतल में हो तो ऐसे बलों को एक तलीय बल कहते हैं।

संगामी व समतलीय बलों की साम्यावस्था दशा–

$$\boxed{\sum H = 0, \sum V = 0}$$

जब असमतलीय तथा संगामी बल साम्यावस्था में हो तो,

$$\boxed{\sum F_x = 0, \sum F_y = 0, \sum F_z = 0}$$

**68. The forces which meet at one point and have their lines of action in different planes are called .....**
**वह बल जो एक बिन्दु पर मिलते हैं और कार्य करने की दिशा दूसरे प्लेन में हो उसे ..... कहाँ जाता है**

**(RRB Chandigarh SSE 09.09.2012)**

(a) coplanar non–concurrent forces
समतलीय गैर संगामी बल
(b) non–coplanar concurrent forces
गैर-समतलीय संगामी बल
(c) non–coplanar non–concurrent forces
गैर-समतलीय गैर संगामी बल
(d) intersecting forces
पारस्परिक बल

**Ans : (b)** वह बल जो एक बिन्दु पर मिलते है और कार्य करने की दिशा दूसरे प्लेन में हो उसे गैर समतलीय संगामी बल कहते हैं।




Non coplaner concurrent force

**69. Which theorem is used for the equilibrium of the body applied with three concurrent coplanar forces?**
**तीन संगामी समतलीय बलों वाले पिंड के संतुलन के लिए कौन सा प्रमेय प्रयुक्त होता है–**

**(RRB Jammu SSE 09.09.2012)**
**RRB Chandigarh Section Engineer, 15.03.2009**

(a) Pythagoras theorem/पाइथागोरस प्रमेय
(b) Hamilton theorem/हैमिल्टन प्रमेय
(c) Lami's theorem/लामी का प्रमेय
(d) Varignon's theorem/वैरिग्नान प्रमेय

**Ans : (c)** लामी का प्रमेय (Lami's theorem)




किसी कण पर क्रिया कर रहे तीन **समतलीय संगामी बल (Concurrent coplanar forces)** यदि साम्यावस्था में है तो प्रत्येक बल शेष दो बलों के बीच कोण की ज्या (sine) के समानुपाती होता है।

$$\boxed{\frac{P}{\sin\alpha} = \frac{Q}{\sin\beta} = \frac{R}{\sin\gamma}}$$

**70. A body is acted upon by a force system. In general, how can it be brought to equilibrium?**
**एक पिण्ड पर बलों का एक तंत्र काम कर रहा है, सामान्यतया वह किस तरह संतुलन में लाया जाएगा?**

**(RRB Allahabad JE 09.09.2012)**

(a) By the application of a force acting on a suitable point on the body
पिण्ड के किसी उचित बिन्दु पर बल लगाने से

(b) By the application of a force acting anywhere along a suitable line/पिण्ड पर कहीं भी किसी उचित रेखा की लम्बाई में बल लगाने से

(c) By the application of a force acting along a suitable line and a moment along the direction of the force
किसी रेखा की उचित रेखा में बल लगाने तथा एक आघूर्ण बल की दिशा की लम्बाई में

(d) By the application of a wrench acting anywhere on the body
किसी रेंच (Wrench) द्वारा पिण्ड पर कहीं भी

**Ans : (c)** जब किसी पिण्ड पर कई बल एक साथ कार्य कर रहे हो तो उनके सन्तुलन के लिए पिण्ड पर कार्य करने वाले बलों के परिणामी का मान तथा बलों के उनके तल में घूर्णों का बीजीययोग दोनों शून्य होना चाहिए।
अर्थात् $\sum H = 0, \sum V = 0, \sum M = 0$

**71. What are the equlibrium conditions to be satisfied for a particle applied with a system of non-coplanar, concurrent forces?**
**असमतलीय, संगामी बलों के सिस्टम के साथ प्रयुक्त कण के लिए कौन-सी साम्यवस्था स्थितियां पूरी की जाती हैं?**

**(RRB Bhubneshwar JE II 29.11.2008)**

(a) $\Sigma F_x=0$ & $\Sigma F_y=0$
(b) $\Sigma F_x=0$, $\Sigma F_y=0$ $\Sigma F_z=0$, $\Sigma M_x=0$ $\Sigma M_y=0$ & $\Sigma M_z=0$
(c) $\Sigma F_x=0$, $\Sigma F_y=0$ & $\Sigma M_{z\text{-axis}}=0$
(d) $\Sigma F_x=0$, $\Sigma F_y=0$ & $\Sigma F_z=0$

**Ans : (d)** असमतलीय, संगामी बलों के सिस्टम के साथ प्रयुक्त कण के लिए साम्यवस्था की निम्न स्थितियां होती हैं।
$\Sigma F_x=0, \Sigma F_y=0$ & $\Sigma F_z=0$

**72. Consider the given figure depicting a spring scale that indicates a tension "T" in the right hand cable of a pulley system. Calculate the mass "M" :**
**(Neglect mass of pulley and ignore friction between cable and pulley however g depicts gravitational acceleration)**
**नीचे दिये गये चित्र को देखिए जिसमें एक स्प्रिंग स्केल का चित्रण है जिसके घिरनी तंत्र में केबिल के दाहिनी (Right) तरफ तनन 'T' लगा है। मात्रा 'M' की गणना करो। (घिरनी की मात्रा तथा घिरनी और केबिल के बीच घर्षण को नगण्य मान लो जबकि 'g' गुरुत्व त्वरण है)**




**(JMRC JE 10.06.2017)**

(a) 2T/g (b) 4T/g
(c) T/g (d) $T(1 + e^{4\pi})g$

**Ans : (b)** Free body diagram से
यदि द्रव्यमान (M) की छड़ संतुलन में है, तो
$\sum F_v = 0$




$T + T + 2T - Mg = 0$
$Mg = 4T$
$\boxed{M = \frac{4T}{g}}$

**73. The conditions of equilibrium for coplanar non-concurrent forces are/समतलीय असंगामी बलों के लिए संतुलन स्थितियाँ हैं:**

(a) $\Sigma H = 0, \Sigma V = 0$
(b) $\Sigma H = 0, \Sigma M = 0$
(c) $\Sigma V = 0, \Sigma M = 0$
(d) $\Sigma V = 0, \Sigma H = 0, \Sigma M = 0$

**(RRB Bhopal SSE 09.09.2012)**

**Ans. (d) :** वे सभी बल या बल निकाय जिनकी क्रिया रेखा एक तल में हो लेकिन एक बिन्दु पर ना मिले तो यह निकाय समतलीय असंगामी बल निकाय कहलाता है।
समतलीय असंगामी बलों के लिए संतुलन स्थितियाँ
$\Sigma V = 0, \Sigma H = 0, \Sigma M = 0$




**74. Concurrent forces are those forces whose lines of action :**
**संगामी बल ऐसे बल हैं, जिनकी कार्य रेखाएँ–**

**(BMRCL JE 24 Feb. 2019)**

(a) lie on the same line/एक ही रेखा पर स्थित हों
(b) meet at one point/एक ही बिन्दु पर मिलती हों
(c) meet on the same plane/एक ही तल पर मिलते हों
(d) none of these/इनमें कोई नहीं

**Ans : (b) संगामी बल (Concurrent Forces)–** जिन बलों की क्रिया रेखाएँ एक ही बिन्दु पर मिलती हैं, उन्हें संगामी बल कहते हैं तथा वह बिन्दु जहाँ पर ये रेखाएँ मिलती हैं संगम या संगमन बिन्दु कहलाता है। चित्र में $F_1$, $F_2$, $F_3$, $F_4$ तथा $F_6$, $F_7$, $F_{11}$ एक बिन्दु पर मिलते हैं।




## 5. घर्षण (Friction)

**75. In a screw jack, the effort required to lift the load is given by:**
**(where W = Load lifted, α = Helix angle and φ = Angle of friction)**
**स्क्रू जैक में, भार उठाने के लिए आवश्यक आयास (effort) को किस सूत्र द्वारा प्रदर्शित किया जाता है? (जहां W = उठाया गया भार, α = हेलिक्स कोण और φ = घर्षण कोण)**

(a) $P = W\tan(\varphi - \alpha)$ (b) $P = W\tan(\alpha - \varphi)$
(c) $P = W\tan(\alpha + \varphi)$ (d) $P = W\cos(\alpha + \varphi)$

**RRB-JE 30.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (c) : स्क्रू जैक के लिए–**
1. भार उठाने के लिए आवश्यक प्रयास - $(P) = W\tan(\alpha + \varphi)$
2. स्क्रू जैक की दक्षता $(\eta) = \dfrac{\tan\alpha}{\tan(\alpha + \varphi)}$
3. स्क्रू जैक की अधिकतम दक्षता $(\eta) = \dfrac{1 - \sin\varphi}{1 + \sin\varphi}$
4. स्क्रू जैक की दक्षता अधिकतम होगी,
जब $\boxed{\alpha = 45^0 - \dfrac{\varphi}{2}}$

**76. Coulomb friction is the friction between-**
**कूलाम घर्षण ..... के बीच लगने वाला घर्षण बल है।**

(a) Solids and liquids/ठोस एवं द्रव पदार्थों
(b) Two lubricated surfaces/दो स्नेहित सतहों
(c) Bodies having relative motion
सापेक्ष गति वाले पिंडों
(d) Two dry surfaces/दो शुष्क सतहों

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (d) :** घर्षण बल प्रभावी तभी होता है, जब पिण्डों के बीच सापेक्ष गति हो। यह हमेशा गति का विरोध करता है।
- दो पिण्ड यदि शुष्क हो व उनके बीच सापेक्ष गति हो, तो वहाँ घर्षण, कूलाम घर्षण कहलाता है। अतः कूलाम घर्षण तभी होगा जब पिण्डों के बीच सापेक्ष गति हो।

**77. The minimum angle made by an inclined plane with the horizontal such that an object placed on the inclined surface just begins to slide is called-**
**क्षैतिज के साथ एक झुके हुए समतल द्वारा बनाया गया न्यूनतम कोण को क्या कहा जाता है, जैसे कि झुकी हुई सतह पर रखी गई वस्तु को स्लाइड करना शुरू किया जाता है?**

(a) Angle of elevation/उन्नयन कोण
(b) Angle of friction/घर्षण कोण
(c) Angle of Repose/विश्रांति कोण
(d) Angle of latitude/अक्षांश का कोण

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (c) :** क्षैतिज के साथ एक झुके हुए समतल द्वारा बनाया गया न्यूनतम कोण को विश्रांति कोण (Angle of Repose) कहा जाता है, जब झुकी हुई सतह पर रखी गई वस्तु स्लाइड करना शुरू कर दें। विश्राम कोण किसी भी नत समतल का क्षैतिज में वह अधिकतम कोण है जिस पर सम्बन्धित पिण्ड बिना बाह्य बल की सहायता से विश्राम कर सकता है।




$W\cos\alpha = R$
$W\sin\alpha = \mu R$
$\tan\alpha = \mu = \tan\lambda$
$\boxed{\alpha = \lambda}$
जहाँ $\alpha$ = विश्रान्ति कोण
$\lambda$ = घर्षण कोण

**78. Which of the following is INCORRECT in the laws of dry friction?**
**शुष्क घर्षण के नियमों के संबंध में इनमें से कौन सा गलत है?**

(a) The frictional force always acts in a direction opposite to that in which the body tends to move/घर्षण बल हमेशा पिंड की गति के विपरीत दिशा में कार्य करता है
(b) The force of friction is dependent of the area of contact between the two surfaces/घर्षण बल, दोनों सतहों के बीच संपर्क क्षेत्रफल पर निर्भर करता है
(c) The magnitude of the limiting friction bears a constant ratio to the normal reaction between the two contacting surfaces/सीमांत घर्षण के परिमाण और दो संपर्कित सतहों के बीच सामान्य प्रतिक्रिया के बीच का अनुपात स्थिर होता है
(d) The force of friction depends upon the roughness/smoothness of the surfaces/घर्षण बल सतहों के खुरदरेपन/चिकनाई पर निर्भर करता है

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (b) :** घर्षण बल, दोनों सतहों के बीच संपर्क क्षेत्रफल पर निर्भर नहीं करता है।

शुष्क घर्षण के नियम के अनुसार—

1. घर्षण बल हमेशा पिण्ड की गति के विपरित दिशा में कार्य करता है।
2. सीमान्त घर्षण के परिमाण और दो सम्पर्कित सतहों के बीच सामान्य प्रतिक्रिया के बीच का अनुपात स्थिर होता है।
3. घर्षण बल सतहों के खुरदरेपन/चिकनाई पर निर्भर करता है।

**79. The angle between the resultant reaction and normal to the plane on which the motion of body is impending is known as–**
**परिणामी प्रतिक्रिया और उस तल के अभिलंब के बीच का कोण, जिस पर पिंड गति करता है, उसे कहते है-**

(a) Angle of limiting friction/सीमांत घर्षण कोण
(b) Angle of repose/विश्रांति कोण
(c) Angle of friction/घर्षण कोण
(d) Angle of zenith/जेनिथ का कोण

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans : (a)**




जहाँ, R' = परिणामी प्रतिक्रिया, $R_N$ = अभिलंब प्रतिक्रिया, ϕ = सीमान्त घर्षण कोण (Angle of limiting friction)

साम्यावस्था में पिण्ड पर तीन बल कार्यरत होते हैं—

(i) पिण्ड का भार (W)
(ii) क्षैतिज लगाया गया बल (P)
(iii) पिण्ड A तथा प्लेन B का प्रतिक्रिया (Reaction)

परिणामी प्रतिक्रिया और उस तल के अभिलम्ब के बीच का कोण, जिस पर पिण्ड गति करता है सीमान्त घर्षण कोण कहलाता है।

**80. If 'W' is weight of a body, 'α' is angle of an inclined plane and 'ϕ' is angle of friction, then the force required to drag the body when it is just impending to move up the plane, is–**
**यदि किसी पिण्ड का भार 'W' है, झुकाव वाले समतल का कोण 'α' है और घर्षण का कोण 'ϕ' है, तो पिण्ड को विरोध करने का आवश्यक बल, जब यह समतल को ऊपर ले जाने के लिए प्रवृत्त होता है, तो वह ..... है।**

(a) W sin (α + ϕ) (b) W tan (α + ϕ)
(c) W sec (α + ϕ) (d) W cos (α + ϕ)

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans. (b) :**




ΣV = 0 से,

$$R = P\sin\alpha + W\cos\alpha \quad \text{.....(i)}$$

ΣH = 0 से,

$$P\cos\alpha = \mu R + W\sin\alpha \quad \text{.....(ii)}$$

समी. (ii) में 'R' का मान रखने पर,

$$P\cos\alpha = \mu\left[P\sin\alpha + W\cos\alpha\right] + W\sin\alpha$$

$$P\left[\cos\alpha - \mu\sin\alpha\right] = W\left[\mu\cos\alpha + \sin\alpha\right] \text{.....(iii)}$$

यदि घर्षण कोण ϕ हो तो,

$\mu = \tan\phi$ समी. (iii) में रखने पर,

$$P\left[\cos\alpha - \tan\phi\sin\alpha\right] = W\left[\tan\phi\cos\alpha + \sin\alpha\right]$$

$$P\frac{\left[\cos\alpha.\cos\phi - \sin\alpha.\sin\phi\right]}{\cos\phi} = W\frac{\left[\cos\alpha.\sin\phi + \sin\phi.\cos\alpha\right]}{\cos\phi}$$

$$P\left[\cos(\alpha+\phi)\right] = W\left[\sin(\alpha+\phi)\right]$$

$$P = W\frac{\sin(\alpha+\phi)}{\cos(\alpha+\phi)}$$

$$\boxed{P = W\tan(\alpha+\phi)}$$

**81. If 'α' is the helix angle and 'ϕ' is the angle of friction then, when will the efficiency of a screw jack be maximum?**
**यदि किसी स्क्रू जैक का हेलिक्स कोण 'α' है और घर्षण कोण 'ϕ' है, तो स्क्रू जैक की दक्षता कब अधिकतम होगी?**

(a) $\alpha = 90^\circ + \phi$
(b) $\alpha = 45^\circ + (\phi/2)$
(c) $\alpha = 45 - (\phi/2)$
(d) $\alpha = 90^\circ - \phi$

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans : (c)**

स्क्रू जैक की दक्षता $(\eta) = \dfrac{\tan\alpha}{\tan(\phi+\alpha)}$

**अधिकतम दक्षता के लिए दशाएँ (Condition)—**

$$\alpha = 45^\circ - \frac{\phi}{2}$$

अधिकतम दक्षता $(\eta_{max}) = \dfrac{1-\sin\phi}{1+\sin\phi}$

जहाँ ϕ = घर्षण कोण
α = हेलिक्स कोण

**82. Limiting force of friction is the–**
**सीमांत घर्षण बल क्या है?**

(a) Tangent of angle between normal reaction and resultant of normal reaction and limiting friction/'अभिलंबवत प्रतिक्रिया' और 'अभिलंबवत प्रतिक्रिया' तथा 'सीमांत घर्षण के परिणामी' के बीच के कोण की स्पर्शज्या

(b) Ratio of limiting friction and normal reaction
सीमांत घर्षण और अभिलंबवत प्रतिक्रिया का अनुपात

(c) Friction force acting when the body is just about to move/जब पिंड बस चलने ही वाला हो, उस स्थिति पर लगने वाला घर्षण बल

(d) Friction force acting when the body is in motion/गतिमान अवस्था में पिण्ड पर लगने वाला घर्षण बल

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans : (c)** जब पिण्ड बस चलने ही वाला हो, उस स्थिति में उस पर लगने वाला घर्षण बल सीमान्त घर्षण बल होता है।

**चरम या सीमान्त घर्षण (Limiting Friction)–** दो पिण्डों के सम्पर्क तल पर वह अधिकतम घर्षण, जब उन पिण्डों में सापेक्ष गति होने ही वाली होती है, चरम या सीमान्त घर्षण (limiting friction) कहलाता है और सम्बन्धित अधिकतम घर्षण बल को चरम या सीमान्त घर्षण बल (limiting friction force) कहते हैं।

**83. A body is pulled up on an inclined plane of inclination 20° to the horizontal. The angle of friction between the body and the plane is 17°. The force required to pull the body up the plane is minimum when it is applied:**
**20° आनति के आनत तल से क्षैतिज में एक पिंड को खींचा जाता है। पिंड और तल के बीच घर्षण का कोण 17° है। तल पर पिंड को खीचनें के लिए वांछित बल तब न्यूनतम होता है जब इसे इनमें से किस डिग्री कोण पर लागू किया जाता है:**

(a) At angle of 20° to the plane
तल से 20° कोण पर

(b) At angle of 17° to the plane
तल से 17° कोण पर

(c) In the horizontal direction/क्षैतिज दिशा में

(d) Along the plane/तल के साथ

**(RRB Allabahad SSE 19.12.2010)**

**Ans. (b)** तल पर पिण्ड को खींचने के लिये वांछित बल तब न्यूनतम होता है जब पिण्ड को आनत तल कोण ($\alpha$) से घर्षण कोण ($\phi$) के बराबर कोण पर खींचा जाये।
अतः न्यूनतम कोण घर्षण कोण के बराबर, तल से 17° कोण होगा।

**84. The maximum inclination of a plane at which a body can remain in equilibrium over the plane, entirely by the assistance of friction is called :**
**एक तल का वह अधिकतम झुकाव जिस पर एक पिण्ड तल पर पूर्ण रूप से घर्षण के कारण साम्यावस्था में बनी रहे, कहलाता है–**

(a) Coefficient of Friction/घर्षण गुणांक

(b) Angle of repose/विश्राम कोण

(c) Angle of resultant/परिणामी कोण

(d) Angle of friction/घर्षण कोण

**DMRC JE 17.04.2018 12:15-2:30 PM**

**Ans : (b)** किसी तल का वह अधिकतम झुकाव जिस पर रखा एक पिण्ड तल पर पूर्ण रूप से घर्षण के कारण साम्यवस्था में बनी रहे, विश्राम कोण कहलाता है। घर्षण कोण को विश्राम कोण भी कहते है; अर्थात विश्राम कोण किसी भी नत समतल का क्षैतिज में वह अधिकतम कोण है जिस पर सम्बन्धित पिण्ड बिना बाह्य बल की सहायता से विश्राम कर सकता है।

अर्थात $\tan\phi = \mu = \tan\lambda$

$$\boxed{\alpha = \lambda}$$

$\alpha$ = घर्षण कोण, $\lambda$ = विश्राम कोण

**85. The co-efficient of friction is the**
**घर्षण गुणांक होता है**

(a) angle between normal reaction and the resultant of normal reaction and the limiting force/सामान्य प्रतिक्रिया और सामान्य प्रतिक्रिया तथा सीमान्तर बल के परिणामी के बीच का कोण है।

(b) ratio of limiting friction and normal reaction/सीमान्त घर्षण तथा सामान्य घर्षण का अनुपात है।

(c) the friction force acting when the body is just about to move/जब निकाय ठीक गति करने के निकट हो तब कार्यशील घर्षण बल।

(d) the friction force acting when the body is in friction/जब निकाय घर्षण में हो तब कार्यशील घर्षण बल।

**(RRB Bhubneshwar JE-II 19.12.2010)**

**Ans : (b)** जब सीमान्त संतुलन हो, तो पिण्ड ठीक चलने की स्थिति में होता है। इस स्थिति में चरम घर्षण बल (f) और अभिलम्ब प्रतिक्रिया (R) का अनुपात सदैव अचर होता है, जिसे घर्षण गुणांक ($\mu$) कहते है।

घर्षण गुणांक $(\mu) = \dfrac{f}{R}$

**86. In a rough plane moving object in forward direction if friction angle is $30^0$ then coefficient of friction?**
**किसी खुरदरे क्षैतिज तल पर आगे बढ़ने वाले वस्तु के लिए, यदि घर्षण कोण ($\phi$) $30^o$ है, तो घर्षण गुणांक ($\mu$).....होगा।**

(a) 0.422 (b) 0.211
(c) 0.877 (d) 0.577

**DMRC JE 17.04.2018, 4:30-6:45pm**

**Ans : (d)** घर्षण बल $(F) = \mu R \Rightarrow \mu = \dfrac{F}{R} = \tan\phi$

Q घर्षण गुणांक $(\mu) = \tan\phi = \tan 30^o \ \left(Q\phi = 30^o\right)$

तो, $\mu = \tan 30^o \Rightarrow \boxed{\mu = 0.577}$

**87. The friction of a body is high when the coefficient of friction is.....**
**एक पिण्ड का घर्षण उच्च होता है, जब घर्षण गुणांक.....हो–**

(a) low/निम्न (b) average/औसत
(c) high/उच्च (d) zero/शून्य

**DMRC JE 17.04.2018, 4:30-6:45pm**

**Ans : (c)** किसी भी पिण्ड का घर्षण बल तब ज्यादा होता है, जब उसका घर्षण गुणांक भी ज्यादा हो।

$\therefore \quad F = \mu R \quad \text{and} \quad \tan\phi = \mu = \dfrac{F}{R}$

यदि, $\mu\uparrow$ तो $F\uparrow$

**88. The cause of friction between two surface is.....**
**दो सतहों के बीच घर्षण का कारण है–**
(a) load/भार
(b) the material & roughness/पदार्थ व रूक्षता
(c) the material/पदार्थ
(d) roughness/रूक्षता

**DMRC JE 17.04.2018, 4:30-6:45pm**
**RRB Chennai Section Engineer, 12.02.2012**

**Ans : (b)** घर्षण एक बल है, जो दो सम्पर्क सतहों के बीच गति की प्रवृत्ति का विरोध करता है।
■ घर्षण दो सम्पर्क सतहों की प्रकृति (रूक्षता) तथा पदार्थ पर निर्भर होता है न कि उनके क्षेत्रफल या भार पर।
**Note–** स्थैतिक घर्षण, गतिक घर्षण से हमेशा ज्यादा होता है।

**89. A 5 m long ladder is resting on a smooth vertical wall with its lower end 3 m from the wall. What should be the coefficient of friction between the ladder and the floor for equilibrium?**
**5 मी. लंबी एक सीढ़ी को एक चिकनी ऊर्ध्वाधर दीवार से लगा रखा है और उस सीढ़ी का निम्नतर अग्र दीवार से 3 मी. दूर हैं। साम्य के लिए सीढ़ी तथा सतह के बीच के घर्षण का गुणांक कितना होना चाहिए?**
(a) $\dfrac{1}{2}$ (b) $\dfrac{3}{8}$
(c) $\dfrac{1}{3}$ (d) $\dfrac{3}{5}$

**(RRB Gorakhpur Design SSE 09.09.2012)**

**Ans. (b) :**




$\Delta ABC$ में

$$BC^2 = AC^2 - AB^2 = 25 - 9 = 16$$

$\therefore \quad \boxed{BC = 4m}$

माना निचली सतह तथा सीढ़ी के सम्पर्क का घर्षण गुणांक $\mu$ है तथा प्रतिक्रिया S है।
दीवार तथा सीढ़ी के ऊपरी बिन्दु का प्रतिक्रिया R है। दीवार चिकने होने से इनका घर्षण गुणांक = 0
अतः संतुलन की स्थिति में,
$\sum V = 0$ से,

$$S = W \qquad \text{.....(i)}$$

बिन्दु C के सापेक्ष घूर्ण लेने पर,

$$R \times 0 + S \times 3 = W \times \frac{3}{2} + \mu S \times 4$$

$$3S = \frac{3W}{2} + 4\mu S$$

$$\frac{3}{2}S = 4\mu S \qquad \text{(समी. (i) से)}$$

$$\mu = \frac{3}{2} \times \frac{1}{4}$$

$\therefore \quad \boxed{\mu = \dfrac{3}{8}}$

**90. An elephant is stopped by a rope wound twice around the rough trunk of a tree. If the elephant exerts a pull of 1000 kgf, the minimum force required to stop the elephant is (Coefficient of friction between the rope and the tree is 0.3)**
**एक हाथी को पेड़ के स्थूल प्रकांड से रस्सी से दो बार बांधकर रोका गया है। यदि वह हाथी 1000 kgf के आयास से खींचता है तो उसे रोकने के लिए अपेक्षित न्यूनतम बल.....है।**
**(रस्सी तथा पेड़ के बीच का घर्षण गुणांक 0.3 है।)**
(a) 1000 kgf (b) 300 kgf
(c) 700 kgf (d) 23 kgf

**(RRB Bhubneshwar JE II 29.11.2008)**

**Ans. (d) :**




दो फेरों के लिए (For two round) $\theta = 720° = 4\pi$ rad
हम जानते हैं कि– $\dfrac{T_1}{T_2} = e^{\mu\theta}$

$$T_2 = \frac{T_1}{e^{\mu\theta}} = \frac{1000}{e^{0.3\times 4\pi}} = 23.098 \text{ kgf}$$

$T_2$ = न्यूनतम आवश्यक तनाव या बल

**91. If $\phi$ is the limiting angle of friction for the contact surfaces and $\alpha$ is the angle of inclination of the plane to the horizontal, then the efficiency of the inclined plane for the motion of the body up the plane due to the effort, which is applied parallel to the plane, is given by**
**यदि सम्पर्क सतहों के लिए घर्षण का सीमित कोण $\phi$ है $\alpha$ क्षैतिज से झुकाव का कोण है, तो प्रयास के कारण समतल तक वस्तु की गति के लिए नतसमतल की दक्षता, जो समतल के समान्तर लागु होती हैं, जो दिया गया हैं।**
(a) $\dfrac{\sin\alpha\cos\phi}{\sin(\alpha+\phi)}$ (b) $\dfrac{\sin\alpha\cos\phi}{\sin(\alpha-\phi)}$
(c) $\dfrac{\sin(\alpha+\phi)}{\sin\alpha\cos\phi}$ (d) $\dfrac{\sin(\alpha-\phi)}{\sin\alpha\cos\phi}$

**(Konkan Railway STA 2017)**

**Ans. (a) :**




$\sum V = 0$ से,

$R = w\cos\alpha$.....(1)

$\sum H = 0$ से–

$P = \mu R + w\sin\alpha$

समी. (1) से –

$P = \mu \times w\cos\alpha + w\sin\alpha$

$$P = \frac{\sin\phi \times w\cos\alpha + \cos\phi \times w\sin\alpha}{\cos\phi}$$

$$\frac{P}{w} = \frac{\sin\phi \times \cos\alpha + \cos\phi \times \sin\alpha}{\cos\phi}$$

$$\frac{P}{w\sin\alpha} = \frac{\sin(\phi+\alpha)}{\sin\alpha.\cos\phi} \quad (\sin\alpha \text{ से गुणा करने पर})$$

नत समतल की दक्षता $= \frac{\text{भार}}{\text{आयास}} = \frac{w\sin\alpha}{P}$

$$\boxed{\eta = \frac{\sin\alpha.\cos\phi}{\sin(\phi+\alpha)}}$$

(**नोट–** भार तथा प्रयास एक समान्तर क्रिया रेखा पर ली जाती है।)

**92. Dynamic friction as compared to static friction is**
**स्टेटिक घर्षण की तुलना में डायनामिक घर्षण कितना होगा।**

(a) same/वही
(b) more/अधिक
(c) less/कम
(d) none of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**(RRB Bhopal SSE 09.09.2012)**

**Ans. (c) :** स्टेटिक घर्षण की तुलना में डायनमिक घर्षण कम होता है।




* जब दो पिण्डों में सापेक्ष गति नही होती है उस दशा में सापेक्ष गति की सम्भावना का विरोध, स्थैतिकीय घर्षण कहलाता है।

* जब एक पिण्ड दूसरे के सापेक्ष गति में होता है तो दोनों के सम्पर्क तल पर घर्षण गतिकीय घर्षण तथा सम्बन्धित बल गतिकीय घर्षण बल कहलाता है। गतिकीय घर्षण बल का मान उन्ही दोनों पिण्ड के लिए, उनके स्थैतिक घर्षण बल से कम होता है।

**93. If Angle of friction is zero, the body will experience:**
**यदि घर्षण का कोण शून्य है, पिंड अनुभव करेगा:**

(a) Limiting friction/सीमांत घर्षण
(b) Zero friction/शून्य घर्षण
(c) The force of friction will act normal to direction of motion/घर्षण का बल, गति की दिशा के प्रति सामान्य क्रिया करेगा
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**(RRB Mumbai SSE 19.12.2010)**

**Ans. (b)** घर्षण गुणांक $\mu = \tan\phi$
जहाँ $\phi$ = घर्षण कोण
यदि $\phi = 0$, तब $\mu = 0$
अर्थात् घर्षण कोण का मान 0° होने पर पिण्ड शून्य घर्षण का अनुभव करेगा।

**94. When the friction comes into action between the two running parts of a machine, it results in the production of ...../जब मशीन के दो भाग के बीच घर्षण की कार्रवाई होती है, तो इसका परिणाम .....के उत्पादन में होता है।**

(a) light/प्रकाश (b) oil/तेल
(c) energy/ऊर्जा (d) heat/ऊष्मा

**(RRB Bhubneshwar JE-II 19.12.2010)**

**Ans : (d)**
- जब मशीन के दो भाग के बीच घर्षण होती है, इसका परिणाम स्वरूप ऊष्मा का उत्पादन होता है।

**95. A block of mass 20 kg is placed on a horizontal surface. Co-efficient of static friction and coefficient of kinetic friction between the block and surface are 0.5 and 0.4 respectively. What is the minimum force required to be applied on the block in horizontal direction so that the block just starts to move. Consider g = 10 m/sec$^2$.**
**20 किलोग्राम भार का एक वस्तु क्षैतिज सतह पर रखा जाता है। वस्तु और सतह के बीच स्थैतिक घर्षण गुणांक और शुद्धगतिक घर्षण गुणांक क्रमशः क्रमशः 0.5 और 0.4 है, तो वस्तु को क्षैतिज दिशा में गति प्रदान करने हेतु न्यूनतम बल (g = 10 m/sec$^2$ पर विचार करते हुए ) की आवश्यकता है।**

(a) 10N (b) 8N
(c) 80N (d) 100N

**(RRB Allahabad JE 19.12.2010)**

**Ans. (d) :** वस्तु का द्रव्यमान m = 20 kg
वस्तु और सतह के बीच स्थैतिक घर्षण गुणांक ($\mu_s$) = 0.5 तथा शुद्धगतिक घर्षण गुणांक ($\mu_k$) = 0.4




$R = mg = 20 \times 10$
$R = 200$ N
वस्तु को क्षैतिज दिशा में गति प्रदान करने हेतु न्यनूतम आवश्यक बल $F = \mu_s \times R = 200 \times 0.5 = 100$ N

**96. The value of the coefficient of friction between the box and the surface is 0.20 which prevents the box from sliding. If the box decelerates with 'a' (m/s$^2$), then calculate the deceleration, if the force applied is 'ma'.**
**बॉक्स और सतह के बीच घर्षण के गुणांक का मान 0.20 है जो बॉक्स को फिसलने से रोकता है। यदि बॉक्स a (m/s$^2$) अवमंदित होता है और लगने वाला बल ma है तो अवमंदन की गणना कीजिये।**
(a) 2 (b) 2.5
(c) 3 (d) 3.5
**(JMRC JE 10.06.2017)**

**Ans : (a)** F = ma
$\mu = 0.20$
a = ?
F = μ.R




संतुलन प्रतिबन्ध के लिए
F = ma = μR
R = mg (रखने पर)
ma = 0.2 × mg
a = 0.2 × 10
(g = 10 रखने पर)
a = 2 m/s$^2$

**97. The substance used in the reduction of friction between the two surfaces in the relative motion is known as.....**
**सापेक्ष गति में दो सतहों के बीच घर्षण को कम करने में प्रयुक्त पदार्थ ..... के रूप में जाना है।**
(a) refrigerants/प्रशीतक (b) solvents/विलायक
(c) lubricants/स्नेहक (d) absorbent/शोषक
**(RRB Allahabad JE 19.12.2010)**
**RRB Chandigarh Section Engineer (Mech.), 26.02.2012**

**Ans : (c)** सापेक्ष गति में दो सतहों के बीच घर्षण को कम करने में प्रयुक्त पदार्थ स्नेहक के रूप में जाना जाता है।
**स्नेहन का सिद्धांत (Principle of Lubrication) –** दो धातु तलो के बीच घर्षण प्रतिरोध का मान अधिक होता है जिससे उनमें सापेक्ष गति होने पर अधिक ऊर्जा व्यर्थ होती है। स्नेहन के अंतर्गत धातु तलों के बीच कम घर्षण गुणांक वाला पदार्थ प्रविष्ट कराने से घर्षण प्रतिरोध का मान काफी कम हो जाता है जिससे धातु तलों में सापेक्ष गति होने पर कम ऊर्जा व्यर्थ जाती है। यही स्नेहन का सिद्धांत है।

**98. Choose the option which is INCORRECT about the term friction./इस विकल्प को चुनें जो कि शब्द घर्षण के बारे में गलत है?**
(a) Friction produces heat/घर्षण ऊष्मा उत्पादित करता है
(b) It leads to the decrease in the velocity of object/इसके बढ़ने से वस्तु के वेग में कमी हो जाता है
(c) It leads to the increase in the velocity of object/ इसके बढ़ने से वस्तु के वेग में वृद्धि हो जाता है
(d) It can stop the moving object
चलती वस्तु को रोक सकता है
**(RRB Mumbai JE 19.12.2010)**

**Ans : (c)** घर्षण बल से वस्तु के वेग में वृद्धि नहीं होती है।
**घर्षण (Friction)–** जब एक पिण्ड दूसरे पिण्ड फिसलता है या फिसलने का प्रयत्न करता है, तो दोनों पिण्डों के सम्पर्क तल या स्पर्शीय, एक बल क्रिया करता है जो पिण्ड की सापेक्ष गति या इसकी सम्भावना का विरोध करता है। यह विरोधी बल ही घर्षण बल कहलाता है। सामान्यतः इस घर्षण बल को केवल घर्षण भी कहते हैं।

**99. Which of the given formula is CORRECT for calculating the angle of static friction $\phi_s$?**
**नीचे दिए गए कौन सा सूत्र स्थैतिक घर्षण के कोण $\phi_s$, की गणना के लिए सही है?**
(a) $\tan^{-1}\mu_s$ (b) $\sin^{-1}\mu_s$
(c) $\cos^{-1}\mu_s$ (d) None of these/इनमें से कोई नहीं
**(DMRC JE 20.04.2018)**

**Ans : (a)** हम जानते हैं कि
$$\tan\phi_s = \mu_s = \frac{F}{R} \Rightarrow \phi_s = \tan^{-1}(\mu_s)$$
अतः स्थैतिक घर्षण के कारण $(\phi_s) = \tan^{-1}\mu_s$
- जब दो पिण्डों में सापेक्ष गति नहीं होती तो उस दशा में सापेक्ष गति सम्भावना का विरोध, स्थैतिक घर्षण कहलाता है।
- जब एक पिण्ड दूसरे के सापेक्ष गति में होता है तो दोनों के सम्पर्क तल पर घर्षण गतिक घर्षण तथा सम्बन्धित बल गतिकीय घर्षण बल कहलाता है।

**100. Choose the CORRECT statement about the kinetic friction and the static friction./गतिकी घर्षण और स्थैतिक घर्षण के बीच सही कथन चुनें।**
(a) Kinetic friction is lesser than the static friction/गतिकी घर्षण स्थिर घर्षण से कम होता है।
(b) Kinetic friction is greater than static friction
गतिकी घर्षण स्थैतिक घर्षण से अधिक होता है।
(c) Kinetic friction is equal to static friction
गतिकी घर्षण स्थिर घर्षण के बराबर होता है।
(d) Kinetic friction is equal to contact force
गतिकी घर्षण संपर्क बल के बराबर होता है।
**(RRB Malda SSE 25.10.2009)**

**Ans. (a) :** गतिक घर्षण का मान स्थिर घर्षण से कम होता है।
* जब दो पिण्डों में सापेक्ष गति नहीं होती तो उस दशा में सापेक्ष गति की सम्भावना का विरोध, स्थैतिकीय घर्षण कहलाता है।
* जब एक पिण्ड दूसरे के सापेक्ष गति में होता है तो दोनों के सम्पर्क तल पर घर्षण गतिकीय घर्षण तथा सम्बन्धित बल गतिकीय घर्षण बल कहलाता है। गतिकीय घर्षण बल का मान उन्ही दोनों पिण्डों के लिए, उनके चरम घर्षण बल से कुछ कम होता है।

**101. The static friction :**
**स्थैतिक घर्षण-**

(a) bears a constant ratio to the normal reaction between the two surfaces/दो पृष्ठों के बीच सामान्य प्रतिक्रिया पर स्थिर अनुपात वहन करता है।

(b) is independent of the area of contact, between the two surfaces
दो पृष्ठों के बीच संपर्क के क्षेत्रफल से स्वतंत्र है।

(c) always acts in a direction, opposite to that in which the body tends to move
हमेशा उस दिशा में कार्य करता है, जो पिण्ड गतिमान होने के विपरीत हो।

(d) all of the above/उपरोक्त सभी

**(RRB Bhubneshwar JE II 29.11.2008)**

**Ans : (d)** जब दो पिण्डों में सापेक्ष गति नहीं होती है, तो उस दशा में सापेक्ष गति की सम्भावना का विरोध स्थैतिकीय घर्षण कहलाता है।
दो पिण्डों के सम्पर्क तल पर वह अधिकतम घर्षण जब उन पिण्डों में सापेक्ष गति होने वाली ही होती है। चरम या सीमान्त घर्षण कहलाता है।

**102. Which of the following option is CORRECT about the methods used to reduce the friction?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प घर्षण को कम करने के तरीकों के बारे में सही है?**

(a) Making a rough surface/खुरदुरे सतह को बनाना

(b) Use of lubricants/स्नेहक का उपयोग

(c) Use of sand particles/रेत कणों का प्रयोग

(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**(RRB Patna JE 25.10.2009)**

**Ans. (b) :** स्नेहक का उपयोग करके दो सतहों के बीच घर्षण बल को कम किया जाता है।
* दो अस्नेहित सतहों के मध्य होने वाले घर्षण को ठोस घर्षण या शुष्क घर्षण कहते है। यह घर्षण निम्न दो प्रकार के होते है।
(i) सर्पी घर्षण
(ii) रोलिंग घर्षण
* दो स्नेहित सतहों के मध्य होने वाले घर्षण को आर्द्र घर्षण (Wet Friction) कहते हैं।

**103. Which of the following terms best describes the frictional force?/निम्नलिखित में से कौन सा पारिभाषिक शब्द घर्षण बल का विवरण करता है?**

(a) None contact force/गैर संपर्क बल

(b) Contact force/संपर्क बल

(c) Static force/स्थायी बल

(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**(RRB Chandigarh SSE 09.09.2012)**
**RRB Chandigarh Section Engineer, 26.02.2012**

**Ans : (b)** जब एक पिण्ड दूसरे पिण्ड पर फिसलता है या फिसलने का प्रयत्न करता है, तो दोनों पिण्डों के सम्पर्क तल पर स्पर्शीय, एक बल क्रिया करता है जो पिण्डो की सापेक्ष गति या इसकी सम्भावना का विरोध करता है। यह विरोधी बल ही घर्षण बल कहलाता है। दो पिण्डो या सतहो के उस गुण को जिसके कारण घर्षण बल उत्पन्न होता है घर्षण कहते हैं।

**104. The frictional force which acts on the body when the body tends to move is known as _____./जब वस्तु स्थानांतरित होने वाला होता है तब वस्तु पर लगने वाले घर्षण बल को _____ कहते है**

(a) normal reaction/सामान्य प्रतिक्रिया

(b) limiting force of friction/सीमांत घर्षण बल

(c) gravitational force/गुरुत्वाकर्षण बल

(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**(RRB Bhubneshwar JE II 29.11.2008)**

**Ans : (b)** जब एक वस्तु, किसी दूसरी वस्तु की सतह पर फिसलने की स्थिति में हो तो उस समय उनके सतहों के बीच के बीच अधिकतम घर्षण बल को सीमान्त घर्षण कहते है।




OA -स्थैतिक घर्षण (Static friction - $F_s$)
A - सीमान्त घर्षण (Liming friction - $F_L$)
BE - गतिक घर्षण (Dynamic friction - $F_k$)

**105. A spring scale reads 20N as it pulls a 5.0 kg mass across a table. What is the magnitude of the force exerted by the mass on the spring scale?**
**एक स्प्रिंग स्केल मेज पर रखें 5kg के द्रव्यमान को खींचने पर 20 न्यूटन की रीडिंग दर्शाता है। द्रव्यमान द्वारा स्प्रिंग स्केल पर लगने वाला बल कितना होगा?**

**(RRB Gorakhpur RDSO SSE 25.10.2009)**

(a) 4.0N (b) 5.0N
(c) 20.0N (d) 49.0N

**Ans : (c)** न्यूटन के तीसरे नियम के अनुसार, वस्तु स्प्रिंग स्केल पर उतना ही बल लगाती है जितना की स्प्रिंग स्केल द्वारा वस्तु पर लगाया जाता है। द्रव्यमान द्वारा स्प्रिंग स्केल पर लगने वाला बल F = 20 N

**106. It is easier to roll a heavy cylinder over a surface because :**
**एक भारी सिलिण्डर किसी सतह पर रोल करने के लिए आसान होता है क्योंकि –**

(a) Kinetic friction is less than rolling friction
शुद्ध गतिकी घर्षण, रोलिंग घर्षण से कम होता है

(b) Rolling friction is much less than kinetic friction
रोलिंग घर्षण, शुद्धगतिकी घर्षण से बहुत कम होता है

(c) Absence of static friction
स्थैतिक घर्षण की अनुपस्थित

(d) Absence of kinetic friction
शुद्धगति घर्षण की अनुपस्थित

**(RRB Bhopal SSE 09.09.2012)**

**Ans : (b)** एक भारी सिलिण्डर किसी सतह पर रोल करने के लिए आसान होता है क्योंकि रोलिंग घर्षण, शुद्धगतिकी घर्षण से बहुत कम होता है।
**लुंठन घर्षण** (Rolling friction)–जब कोई पिण्ड किसी सतह पर लुंढन या रोलिंग करता है। तो सम्बन्धित घर्षण को लुंठन घर्षण (rolling friction) कहते है।
**सर्पी घर्षण** (Sliding friction)–जब कोई पिण्ड किसी सतह पर फिसलता है तो सम्बन्धित घर्षण को सर्पी घर्षण कहते है।

**107. A body is resting on a plane inclined at angle $30^0$ to horizontal. What force would be required to slide it down, if the coefficient of friction between body and plane is 0.3 ?**
**एक वस्तु क्षैतिज सतह से $30^0$पर झुके हुए तल पर विराम अवस्था में है। यदि वस्तु और तल के बीच घर्षण गुणांक 0.3 हो तो वस्तु को नीचे की ओर स्लाइड करने के लिए कितने बल की आवश्यकता होगी?**

**(RRB Chandigarh SSE 25.10.2009)**

(a) Zero/शून्य
(b) 1 kg/1 किलोग्राम
(c) 5 kg/5 किलोग्राम
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans : (a)** तल का झुकाव $\theta = 30^0$

घर्षण गुणांक $\mu = 0.3$




यदि कोई वस्तु किसी नत समतल पर रखा हो, नत समतल का झुकाव यदि घर्षण कोण से कम हो, तो वस्तु को फिसलने के लिए बाह्य बल की आवश्यकता होती है।

यदि नत तल का झुकाव घर्षण कोण से अधिक हो तो वस्तु पर बिना बाह्य बल के ही वह फिसलने लगेगा।

हम जानते हैं, कि $\mu = \tan\phi$

$$\phi = \tan^{-1}(0.3) = 16.7^0$$

यदि $\tan\phi = \tan\theta$ (तो पिण्ड फिसलने की स्थिति में)

$\phi = 16.7^0$ तथा $\theta = 30^0$

(जहाँ $\phi$= घर्षण कोण, $\theta$ = विश्राम कोण)

$\boxed{\phi < \theta}$ घर्षण कोण नत कोण से कम होने के कारण वस्तु बिना बाह्य बल के ही फिसलेगा।

$\boxed{P = 0}$

**108. The friction between objects that are stationary is called**
**स्थिर वस्तुओं के बीच घर्षण को क्या कहा जाता है?**

**(Konkan Railway TA 2017)**
**(RRB Bhopal SSE 09.09.2012)**

(a) static friction/स्थैतिक घर्षण
(b) rolling friction/वेल्लन घर्षण
(c) Kinetic friction/गतिज घर्षण
(d) dynamic friction/सर्पी (गतिक) घर्षण

**Ans : (a)** स्थिर वस्तुओं के बीच स्थैतिक घर्षण तथा गति वाली वस्तुओं के बीच गतिक घर्षण उत्पन्न होता हैं।

गतिक घर्षण ($F_d$) < स्थैतिक घर्षण ($F_s$)

**109. The rolling friction is the friction experienced by a body, when the body:**
**बेल्लन घर्षण किसी पिण्ड द्वारा अनुभव किया जाने वाला घर्षण है, जब पिण्ड-**

**(RRB Chandigarh SSE 09.09.2012)**

(a) is in motion/गतिमान हो
(b) is at rest/स्थिर हो
(c) just begins to slide over the surface of the other body/अन्य पिण्ड के पृष्ठ पर फिसलना आरंभ किया ही हो
(d) none of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans : (d)** जब कोई पिण्ड किसी सतह पर लुँठन या रोलिंग करता है, तो सम्बन्धित घर्षण को लुँठन घर्षण कहते हैं।
जब कोई पिण्ड किसी सतह पर फिसलता (Slide) है, तो सम्बन्धित घर्षण को सर्पी-घर्षण कहते हैं।

**110. The coefficient of friction between two surfaces may be defined as the constant of proportionality between the applied tangential force and the normal reaction:**
**दो सतहों के बीच घर्षण गुणांक को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि वह अनुपातिक स्थिरांक है लगाए गए स्पर्शीय (Tangential) बल तथा अभिलम्ब प्रतिक्रिया के बीच होता है-**

**(RRB Allabahad SSE 19.12.2010)**

(a) at the instant of application of force
बल लगाने के समय
(b) at any instant when body is at rest
उस समय जब पिण्ड अचल हो
(c) at the instant of impending motion
उस समय जब वह लटकते हुए गति करता हो
(d) at an instant after motion takes place
उस समय जब वह गति करता हो

**Ans : (c)** दो सतहों के बीच घर्षण गुणांक को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि वह उस समय जब आसन्न हुए गति (Impending motion) करता हो, लगाये गये स्पर्शीय बल तथा अभिलम्ब प्रतिक्रिया के बीच का अनुपातिक स्थिरांक है।

$$\mu = \frac{F}{A}$$

आसन्न गति (Impending motion), सतहों के बीच गति आरम्भ होने के ठीक पहले की अवस्था को सन्दर्भित करता है।

**111. The coefficient of friction depends on which of the following factors?**
**निम्नलिखित में से किस कारण का घर्षण का गुणांक निर्भर करता है?**

(a) Shape of surfaces/सतहों का आकार
(b) Strength of surfaces/सतहों का पुष्टि
(c) Nature of surfaces/सतह की प्रकृति
(d) All option are correct/सभी विकल्प सही हैं।

**(RRB Mumbai JE 19.12.2010)**
**(RRB Chandigarh SSE 25.10.2009)**

**Ans : (c)** घर्षण गुणांक का मान सतह की प्रकृति पर निर्भर करता है। सीमान्त घर्षण (F) तथा लम्ब प्रतिक्रिया (R) के अनुपात को घर्षण गुणांक कहते हैं। इसे $\mu$ से प्रदर्शित करते हैं। घर्षण गुणांक का मान सतह की प्रकृति पर निर्भर करता है।

$$F = \mu R$$

$$\mu = \frac{F}{R}$$

घर्षण गुणांक ($\mu$) का अधिकतम मान 1 होता है जबकि पूर्ण चिकने तलों के लिए $\mu$ का मान शून्य होता है।

**112. Angle of friction is the / घर्षण कोण होता है–**

**(RRB Jammu SSE 09.09.2012)**

(a) Angle between normal reaction and the resultant of normal reaction and the limiting frictional force
अभिलम्ब प्रतिक्रिया और चरम घर्षण बल व अभिलम्ब प्रतिक्रिया की परिणामी प्रतिक्रिया के बीच का कोण

(b) Ratio of limiting friction and normal reaction
चरम घर्षण बल और अभिलम्ब प्रतिक्रिया का अनुपात

(c) Ratio of static and dynamic friction
स्थैतिक और गतिक घर्षण का अनुपात

(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans : (a)** चरम घर्षण बल तथा अभिलम्ब प्रतिक्रिया के परिणामी और अभिलम्ब प्रतिक्रिया के बीच का कोण घर्षण कोण कहलाता है।




$R_R \Rightarrow$ परिणामी प्रतिक्रिया

$R_N \Rightarrow$ अभिलम्ब प्रतिक्रिया

$\phi \Rightarrow$ घर्षण कोण

$$\tan\phi = \frac{F}{R_N}$$

$$\Rightarrow \quad \tan\phi = \mu$$

$$\therefore \quad \boxed{\phi = \tan^{-1}\mu}$$

**113. In comparison to rolling friction, the value of sliding friction is**
**सर्पी घर्षण का मान बेलन घर्षण की तुलना में होता है–**

**(RRB Chandigarh SSE 25.10.2009)**

(a) more/अधिक (b) less/कम
(c) equal/बराबर (d) double/दो गुना

**Ans : (a)** सर्पी घर्षण का मान बेलन घर्षण की तुलना में अधिक होता है। जबकि स्थैतिक घर्षण का मान गतिक घर्षण से अधिक होता है।

**114. The ratio of limiting friction and normal reaction is known as :**
**सीमांत घर्षण और अभिलम्ब प्रतिक्रिया के अनुपात को जाना जाता है :**

(a) Coefficient of friction/घर्षण गुणांक
(b) Angle of friction/घर्षण कोण
(c) Sliding friction/सर्पी घर्षण
(d) Friction resistance/घर्षण प्रतिरोध

**(RRB Allabahad SSE 19.12.2010)**

**Ans : (a) घर्षण के नियम के अनुसार**, सीमांत घर्षण बल तथा सम्पर्क तलों पर अभिलम्ब प्रतिक्रिया में स्थिर अनुपात को घर्षण गुणांक कहते है। तथा घर्षण गुणांक को सामान्यतः $\mu$ द्वारा प्रदर्शित करते है।




घर्षण गुणांक $\boxed{\mu = \frac{F}{R_N}}$

घर्षण गुणांक $\mu$ का अधिकतम मान 1 हो सकता है।
पूर्ण चिकने तलों हेतु $\mu = 0$

**115. The dynamic frictional is the friction experienced by a body when the body :**
**एक पिण्ड द्वारा अनुभव किया गया घर्षण गतिक घर्षण कहलाता है जब पिण्ड :**

(a) is in motion/गति में होता है
(b) is at rest/विश्राम में होता है
(c) Slides over surface/पृष्ठ पर फिसलता है
(d) None of above/इनमें से कोई नहीं

**(DMRC JE 2013)**

**Ans : (a)** किसी पिण्ड पर गति की अवस्था में लगने वाला घर्षण बल गतिक घर्षण बल कहलाता है।

**116. The direction of frictional force acting on a body which can slide on a fixed surface is**
**ऐसे पिंड पर कार्य कर रहे घर्षण बल की दिशा क्या है जो एक स्थिर सतह पर सर्पण कर सकता है?**

**(DMRC JE 20.04.2018)**
**(RRB Kolkata Diesel JE 25.10.2009)**

(a) in the direction of motion/गति की दिशा में
(b) normal to the direction of motion
गति की दिशा के लम्बवत
(c) unpredictable/अनुमान नहीं लगाया जा सकता
(d) opposite to the direction of motion
गति की दिशा के विपरीत

**Ans : (d)** घर्षण बल सदैव लगाये गये बल के या गति की दिशा के विपरीत क्रिया करता है।

**117. A body of weight 200 N is placed on a horizontal plane. If the coefficient of friction between the body and the horizontal plane is 0.3, the horizontal force required to just slide the body on the plane is____**

**200 N वजन का एक पिण्ड एक क्षैतिज तल पर रखा जाता है। यदि पिण्ड और क्षैतिज तल के बीच घर्षण का गुणांक 0.3 है तो पिण्ड को तल पर स्लाइड करने के लिए क्षैतिज बल की आवश्यकता है**

(a) 30 N (b) 90 N
(c) 120 N (d) 60 N

**(RRB Jammu SSE 09.09.2012)**

**Ans. (d) :** दिया है-

$\mu = 0.3$
$W = 200$ N
$F = ?$




$F = \mu R$ (जहाँ $R = mg = 200$ N)
$= 0.3 \times 200$
$= 60.0$ N

$\boxed{F = 60N}$

**118. Limiting force of friction is defined as the frictional force which exists when a body**
**सीमांत घर्षण बल परिभाषित है, वह घर्षण बल की अवस्था जिस पर एक पिंड-**

(a) is moving with maximum velocity
सर्वाधिक वेग से घूमता है।
(b) is stationary/स्थिर होता है।
(c) just begins to slide over the surface
सतह पर सरकना शुरु करने वाला होता है।
(d) None of these/उपरोक्त में से कोई नहीं

**(Konkan Railway STA 2017)**
**RRB Chandigarh Section Engineer, 26.02.2012**

**Ans : (c)** सीमांत घर्षण बल वह घर्षण है जिस पर पिण्ड घर्षण की महत्तम स्थिति पर होता है। यदि बहुत थोड़ा बल और लगायें तो पिण्ड सरकना शुरू कर देता है।

**119. A body of weight 30 N rests on a horizontal floor. A gradually increasing horizontal force is applied to the body which just starts moving when the force is 9 N. The coefficient of friction between the body and the floor will be :**
**एक क्षैतिज तल पर 30N वजन का पिंड रखा है। पिंड पर क्रमशः बढ़ते हुए क्षैतिज बल का प्रयोग किया जाता है जो बल के 9 N होने पर गतिमान हो जाता है। पिंड और तल के बीच घर्षण गुणांक होगा :**

(a) 10/3 (b) 3/10
(c) 1/3 (d) 1/9

**(RRB Bhubneshwar JE II 29.11.2008)**

**Ans : (b)**
जहाँ P = क्षैतिज खिंचाव बल
F = घर्षण बल
R = प्रतिक्रिया बल




$R = mg = 30N$
तथा
$P = F$ (जब पिण्ड गतिमान हो)
$P = F = 9N$
अतः घर्षण गुणांक $(\mu) = \frac{F}{R}$ से

$\mu = \frac{9}{30} \Rightarrow \mu = \frac{3}{10}$

**120. A body of weight W is placed on a rough inclined plane. The inclination of the plane with the horizontal is less than the angle of friction. The body will**
**एक W वजन का पिंड असमान (रूक्ष) आनत तल पर रखा है। तल की क्षैतिज के साथ आनति घर्षण कोण से कम है। वह पिंड**

(a) be in equilibrium/साम्यावस्था में होगा
(b) move downwards/नीचे कि ओर गतिमान होगा
(c) move upwards/ऊपर की ओर गतिमान होगा
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**(RRB Chandigarh SSE 25.10.2009)**

**Ans : (a)** एक w वजन का पिण्ड असमान (रूक्ष) आनत तल पर रखा है तल का क्षैतिज के साथ आनति घर्षण कोण से कम है तब पिण्ड साम्यावस्था में होगा।

**121. The maximum frictional force, which force, which comes into play when a body first begins to slide over the surface of another body is known as / अधिकतम घर्षण बल तब लगता है, जब एक पिण्ड दूसरे पिण्ड के ऊपर सर्पण आरम्भ करने को होता है, निम्न कहलाता है–**

(a) Sliding friction/सर्पी घर्षण
(b) Limiting friction/चरम घर्षण
(c) Kinetic friction/गतिक घर्षण
(d) Rolling friction/लोटनी घर्षण

**(RRB Allahabad JE 19.12.2010)**
**(RRB Patna JE 25.10.2009)**

**Ans : (b)** वह अधिकतम घर्षण बल चरम घर्षण बल कहलाता है, जब एक पिण्ड दूसरे पिण्ड के ऊपर सर्पण आरम्भ करने को होता है।

**122. A ladder rests on a smooth ground against a rough wall. The force of friction acts**
**एक सीढ़ी रूक्ष दीवार तथा चिकनी फर्श पर टिकी है, घर्षण बल लगेगा।**

(a) Away from the wall at the upper end
सीढ़ी के ऊपरी सिरे पर दीवार से दूर

(b) Towards the wall at the lower end
सीढ़ी के निचले सिरे पर दीवार की दिशा में

(c) Upward at the upper end
ऊपरी सिरे पर दीवार की ऊपरी दिशा में

(d) Downwards at the upper end
ऊपरी सिरे पर दीवार के नीचे दिशा में

**(RRB Mumbai JE 05.10.2008)**

**Ans : (c)**




$\mu_2 = 0$

चित्र से स्पष्ट है कि घर्षण बल ऊपरी सिरे पर ऊपर की दिशा में लगेगा।

**123. A body weighing 200 N is placed on a rough horizontal plane. If the value of co-efficient of friction is 0.6 then the normal reaction will be**
**एक पिण्ड जिसका भार 200 N है खुरदरे क्षैतिज समतल पर रखा है, घर्षण गुणांक का मान यदि 0.6 हो तो सामान्य प्रतिक्रिया होगी**

(a) 120 N (b) 200 N
(c) 150 N (d) 300 N

**(Konkan Railway STA 2017)**

**Ans : (b)**




$\mu = 0.6$, $W = 200N \Rightarrow R = W = 200N$

**124. A body weight of 200 N is resting on a rough horizontal plane, and can be just moved by a force of 80 N applied horizontally, what will the value of the coefficient of friction**
**200 N भार का एक रूक्ष पिण्ड क्षैतिज समतल पर स्थित है तथा इसको 80 N के क्षैतिज बल से गतिशील किया जा सकता है। इनके लिए चरम घर्षण गुणांक का क्या मान होगा।**

(a) 0.4 (b) 0.5
(c) 0.3 (d) None

**(RRB Gorakhpur RDSO SSE 25.10.2009)**

**Ans : (a)** F = 80 N, W = 200 N




$F = \mu R$

$\mu = \frac{F}{R}$

$\mu = \frac{80}{200}$

$\mu = 0.4$

**125. The rolling resistance is because of the friction between the/रोलिंग प्रतिरोध किसके बीच के घर्षण की वजह से होता है ?**

(a) Wheel rim and tyre/व्हील रीम और टायर
(b) Tyre and road surface/टायर और रोड सतह
(c) Wheel rim and road surface
व्हील रीम और रोड सतह
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**(RRB Jammu SSE 09.09.2012)**

**Ans. (b) :** रोलिंग प्रतिरोध टायर और रोड सतह बीच के घर्षण की वजह से होता है । रोलिंग घर्षण स्थैतिक घर्षण से कम होता है। रोलिंग घर्षण हमेशा एक सतह पर घूमती हुई वस्तु तथा तल के बीच लगता है।

**126. The coefficient of rolling resistance, for a steel wheel of 200 mm diameter which rolls on a horizontal steel roll, is 0.3 mm. The steel wheel carries a load of 600 N. The force necessary to roll the wheel along the rail is :**
**एक स्टील का पहिया जिसका व्यास 200 mm है एक क्षैतिज पटरी (Rail) पर लुढ़कता है। रोलिंग प्रतिरोध 0.3 mm है। स्टील के पहिए पर 600 N का वजन है। इस पटरी पर लम्बाई में लुढ़कने के लिए जरूरी बल ज्ञात कीजिए।**

(a) 90 N (b) 1.8 N
(c) 90 kN (d) 270 N

**(RRB Kolkala SSE 09.09.2012)**

**Ans : (b)** $\because$ D = 200 mm, $\mu_R$ = 0.3 mm, W = 600 N

$$R = \frac{D}{2} = 100 \text{ mm}$$

$$F_R = \frac{\mu_R \times W}{R}$$

$$F_R = \frac{0.3 \times 600}{100}$$

$= 1.8$ N

**127. The value of frictional force is**
**घर्षण बल का मान होता है–**

(a) More than external force/बाह्य बल से अधिक
(b) Equal to the external force/बाह्य बल के बराबर
(c) Less than the external force/बाह्य बल से कम
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**(RRB Allahabad JE 09.09.2012)**

**Ans : (b)** घर्षण बल का मान पिण्ड की स्थिति के अनुसार लगाये गये बल के बराबर या कम होता है यदि पिण्ड स्थिर है तो घर्षण बल का मान लगाये गये बल के बराबर होगा तथा यदि पिण्ड गतिमान है तो घर्षण बल का मान लगाये गये बल से कम होगा। प्रश्न में पिण्ड को स्थिर मान कर उत्तर दिया गया है।

**128. Tangent of angle of friction is equal to**
**घर्षण कोण के स्पर्शज्या का मान निम्नलिखित होगा–**
**(JMRC JE 10.06.2017)**

(a) Kinetic friction/गतिज घर्षण
(b) Limiting friction/सीमान्त घर्षण
(c) Friction force/घर्षण बल
(d) Coefficient of friction/घर्षण गुणांक

**Ans : (d)**




$$\tan\phi = \frac{F}{R_N} = \frac{\mu \times R_N}{R_N} = \mu$$

$\Rightarrow$ $\boxed{\mu = \tan\phi}$

$\Rightarrow$ $\boxed{\phi = \tan^{-1}(\mu)}$

जहाँ $\mu$ = घर्षण गुणांक
R = परिणामी प्रतिक्रिया
घर्षण कोण की स्पर्शज्या घर्षण गुणांक के बराबर होती है।

## 6. जड़त्व आघूर्ण एवं घूर्णन त्रिज्या (Moment of Inertia and Radius of Gyration)

**129. The area moment of inertia of a semi-circular region having diameter 'd' about its diametric axis is-**
**'d' व्यास का एक अर्ध-वृत्ताकार क्षेत्र की जड़ता का आघूर्ण ..... है, जो इसके व्यासीय अक्ष के परितः है–**

(a) $\pi d^2/36$ (b) $\pi d^2/256$
(c) $\pi d^4/128$ (d) $\pi d^4/64$

**RRB-JE 30.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (c) :** (1) अर्ध-वृत्ताकार क्षेत्र का उसके व्यास के परित : क्षेत्रफल जड़त्व आघूर्ण $I_d = \frac{\pi d^4}{128} = \frac{\pi r^4}{8}$

(2) वृत्त के लिए $I_x = I_y = \frac{1}{4}\pi r^4$

(3) त्रिभुज के लिए $I_x = \frac{1}{36}bh^3$

(4) आयत के लिए $I_x = \frac{1}{12}bh^3$

**130. What is the Moment of Inertia of a Quarter circle about its Diametral Axis?**
**एक चतुर्थांश (Quarter circle) का इसके व्यास के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण कितना होता है?**

(a) $\pi d^4/128$ (b) $\pi d^4/256$
(c) $\pi d^4/64$ (d) $\pi d^4/36$

**RRB-JE 29.08.2019, Ist Shift**

**Ans. (b) :**




Quarter circle area (A) $= \frac{\pi r^2}{4}$ तथा $\bar{x} = \bar{y} = \frac{4r}{3\pi}$

$$I_x^{'} = I_y^{'} = \frac{\pi r^4}{16} = \frac{\pi d^4}{256} mm^4$$

**131. The unit of moment of inertia of mass of–**
**द्रव्यमान जड़त्व आघूर्ण की इकाई क्या है?**

(a) $m^2/kg$ (b) $kg–m^2$
(c) kg/m (d) $kg/m^2$

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans : (b)** यदि किसी निश्चित दूरी से बल के स्थान पर किसी सतह का क्षेत्रफल या पिण्ड का द्रव्यमान प्रयोग किया जाए, तब इसे क्षेत्रफल का द्वितीय आघूर्ण या द्रव्यमान का द्वितीय आघूर्ण कहा जाता है।
द्रव्यमान का जड़त्व आघूर्ण (I) = $mr^2$
इसकी unit $\Rightarrow$ kg-$m^2$

**132. The moment of inertia of a solid cylinder of mass 'm', radius 'r' and length 'l' about the longitudinal axis or polar axis is–**
**अनुदैर्ध्य अक्ष या ध्रुवीय अक्ष पर द्रव्यमान 'm', त्रिज्या 'r' और लम्बाई 'l' वाले ठोस सिलेंडर का जड़त्व आघूर्ण कितना होता है?**

(a) $mr^2/4$ (b) $mr^2/8$
(c) $mr^2/6$ (d) $mr^2/2$

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans : (d)**

| Solid | Moment of Inertia ($I_{ZZ}$) |
|---|---|
| Solid Cylinder | $\frac{mr^2}{2}$ |
| Thin Spherical shell | $\frac{2}{3}mr^2$ |
| Slab | $\frac{m}{12}\left(a^2 + b^2\right)$ |
| Solid Sphere | $\frac{2}{5}mr^2$ |

**133. The Moment of Inertia of a circular area of diameter 'd' about its diameter axis is–**
**व्यास 'd' का एक वृत्तीय क्षेत्र का जड़त्व आघूर्ण उसके व्यास के अक्ष के परितः है–**

(a) $\pi d^2/64$ (b) $\pi d^2/36$
(c) $\pi d^3/36$ (d) $\pi d^4/64$

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans : (d)**

| Section | Figure | $I_{XX}$ | $I_{YY}$ |
|---|---|---|---|
| Rectangular |  | $\frac{bd^3}{12}$ | $\frac{db^3}{12}$ |
| Triangular |  | $\frac{bh^3}{36}$ | $\frac{hb^3}{36}$ |
| Circular |  | $\frac{\pi d^4}{64}$ | $\frac{\pi d^4}{64}$ |

**134. Moment of inertia of a rectangular section having width (b) and depth (d) about an axis passing through its centre of gravity and parallel to the depth, is–**
**चौड़ाई (b) और गहराई (d) वाले एक आयताकार खंड का उसके गुरुत्व केन्द्र से गुजरने वाली इसकी गहराई के समान्तर अक्ष पर जड़त्व आघूर्ण ज्ञात कीजिए**

(a) $db^3/36$ (b) $db^3/12$
(c) $bd^3/12$ (d) $bd^3/36$

**RRB JE CBT-II 31.08.2019 IInd Shift**

**Ans : (b)** चौड़ाई (b) और गहराई (d) वाले एक आयताकार खण्ड का उसके गुरुत्व केन्द्र से गुजरने वाली इसकी गहराई के समान्तर अक्ष पर जड़त्व आघूर्ण $db^3/12$ होगा तथा चौड़ाई के समान्तर जड़त्व आघूर्ण $\frac{bd^3}{12}$ होगा।

**135. Built up sections also known as**
**निर्मित काटों को जाना जाता है।**

(a) Standard section/मानक काट
(b) Compound section/संयुक्त काट
(c) Both the above/उपर्युक्त दोनों
(d)None of these/इनमें से कोई नहीं

**(RRB Chandigarh SSE 25.10.2009)**

**Ans : (b) संयुक्त, यौगिक या निर्मित काटें (Compound or built up Sections)**–जब विभिन्न आकार की दो या अधिक मानक काटों (जैसे I, T, चैनल, एंगल और आयताकार आदि) को मिलाकर एक धरन या कॉलम की काट बनती है तो उसे यौगिक काट कहते हैं। इन काटों का प्रयोग व्यावहारिक रूप में उपयुक्त सामर्थ्य तथा कड़ेपन (stiffness) की धरनें तथा कॉलम प्राप्त करने में किया जाता है। ऐसी कुछ काटें प्रदर्शित की गयी हैं।




इन काटों का द्वितीय आघूर्ण समान्तर अक्ष प्रमेय की सहायता से ज्ञात किया जा सकता है।

**136. I-section, channel-section, T-section, L-section and Z-section are know as**
**I-काट, चैनल-काट, T-काट, L-काट और Z-काट को जाना जाता है।**

(a) Compound section/संयुक्त काट
(b) Built up section/निर्मित काट
(c) Standard section/मानक काट
(d) (a) and (b) both/(a) और (b)

**(RRB Banglore SSE 09.09.2012)**

**Ans. (c) : मानक काटें (Standard Sections)–** भारतीय मानक संस्थान द्वारा मानक अनुप्रस्थ काटें विभिन्न उपयोगी आकृतियों में निर्धारित की गयी हैं। मृदु इस्पात को रोलित करके ये काटें प्राप्त की जाती हैं और बाजार में उपलब्ध होती हैं। प्रमुख काटें आई (I), चैनल (channel), टी (tee), एंगल (angle) तथा Z आकृतियों (आगे प्रदर्शित) में उपलब्ध होती हैं जिन्हें धरनों (beams) तथा स्ट्रट (strut) की तरह प्रयोग किया जाता है। गणना में सुविधा के लिये इन काटों के साइज तथा सम्बन्धित अन्य गुण [भार प्रति मीटर लम्बाई, क्षेत्रफल, $I_{XX}$, $I_{YY}$, घूर्णन त्रिज्या, आकृति मापांक (modulus of section), गु. केन्द्र की स्थिति, वैब तथा फ्लैंज की मोटाई आदि सारणीबद्ध किये होते हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त मानक साइजों में इस्पात प्लेटें, वर्गाकार तथा गोल छड़ें, इस्पाती पट्टियाँ तथा ट्यूबें आदि भी निर्धारित की गयी हैं।

**137. Which of the following is correct expression for second moment of inertia is**
**द्वितीय जड़ता आघूर्ण के लिए निम्न में कौन सा सही व्यंजन है** **(RRB Mumbai JE 19.12.2010)**

**RRB Jammu Section Engg., 2013**

(a) $I = AK^2$ (b) $I = (AK)^2$
(c) $I = \frac{A}{K^2}$ (d) $I = \sqrt{\frac{A}{K^2}}$

**Ans. (a) : जड़ता घूर्ण (Moment of inertia)-** किसी पिण्ड का जड़ता घूर्ण किसी दी गयी रेखा के परितः उस पिण्ड की संहिता (क्षेत्रफल) व पिण्ड से उस रेखा की दूरी के वर्ग के गुणनफल के बराबर होता है। प्रायः इसे I से प्रदर्शित करते हैं।

$$\boxed{I = AK^2}$$

जहाँ, K = अक्ष के परितः की परिभ्रमण त्रिज्या।
A = पिण्ड का क्षेत्रफल

**138. What is the value of moment of inertia of I-section about centre of gravity through X–X and Y–Y axis, given figure below.**
**चित्र में दिखाई गई I-काट का जड़ता घूर्ण गुरुत्व केन्द्र से होकर जाने वाली X–X अक्ष तथा Y–Y अक्ष पर का मान होगा।**




(a) $I_{XX} = \frac{BD^3 - bd^3}{12}$, $I_{YY} = \frac{2tb^3 + dc^3}{12}$

(b) $I_{XX} = \frac{ab^3 - c(b-2t)^3}{12}$, $I_{YY} = \frac{2tb^3 + dc^3}{12}$

(c) $I_{XX} = \frac{B^3D - b^3d}{12}$, $I_{YY} = \frac{2t^3b + d^3c}{12}$

(d) None of these/इनमें से कोई नही

**(RRB Jammu JE 25.10.2009)**

**Ans. (a) :** I-काट का X-X अक्ष के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण = आयताकार काट ABCD का जड़त्व आघूर्ण – आयताकार काट LMNH का जड़त्व आघूर्ण – आयताकार काट KTSM का जड़त्व आघूर्ण

= आयताकार काट ABCD का जड़त्व आघूर्ण – 2 × आयताकार काट LMNH का जड़त्व आघूर्ण

$$= \frac{BD^3}{12} - 2 \times \frac{b}{2} \times \frac{d^3}{12}$$

